NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 15 अंक: 211 लखनऊ, बुधवार 25 मार्च 2026 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## पश्चिम एशिया मुद्दे पर मोदी, राजनाथ एक्शन में, सर्वदलीय बैठक भी बुलाई

### राहुल बोले- अब भारत की नहीं मोदी की विदेश नीति है

एजेंसी।

दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्होंने पश्चिम एशिया के अधिकांश देशों के राष्ट्राध्यक्षों से दो बार बातचीत की है और भारत लगातार खाड़ी देशों, ईरान, इजराइल तथा अमेरिका के संपर्क में है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत किसी भी प्रकार के संघर्ष के बजाय बातचीत और कूटनीति के जरिए समाधान चाहता है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और युद्ध जैसे हालात को लेकर भारत की चिंता लगातार बढ़ती जा रही हैं। इस मुद्दे पर संसद में जहां सरकार और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली, वहीं केंद्र सरकार ने हालात पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाने का निर्णय लिया है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राज्यसभा में स्पष्ट किया कि भारत का मुख्य लक्ष्य संवाद और कूटनीति के माध्यम से क्षेत्र में शांति बहाल करना है, जबकि विपक्ष ने सरकार की विदेश नीति पर गंभीर सवाल उठाए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्होंने पश्चिम एशिया के अधिकांश देशों के राष्ट्राध्यक्षों से दो बार बातचीत की है और भारत लगातार खाड़ी देशों, ईरान, इजराइल तथा अमेरिका के संपर्क में है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत किसी भी प्रकार के संघर्ष के बजाय बातचीत और कूटनीति के जरिए समाधान चाहता है। साथ ही उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य



में व्यावसायिक जहाजों पर हमलों और मार्ग में रुकावट को अस्वीकार्य बताया। प्रधानमंत्री ने संसद को बताया कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है। इसका सीधा असर भारत पर भी पड़ रहा है। पेट्रोल, डीजल, गैस और उर्वरक जैसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इससे बाजार में अस्थिरता और महंगाई बढ़ने की आशंका है। उन्होंने यह भी बताया कि खाड़ी देशों में लगभग एक करोड़ भारतीय काम करते हैं और उनकी सुरक्षा तथा आजीविका सरकार के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य में कई जहाज फंसे हुए हैं, जिनमें बड़ी संख्या में भारतीय चालक दल मौजूद है। ऐसे में उनकी सुरक्षित वापसी और स्थिति सामान्य करना सरकार के लिए चुनौती बना हुआ है।उधर, जहां एक ओर सरकार स्थिति को संभालने के प्रयासों पर जोर दे रही है, वहीं विपक्ष लगातार सरकार की आलोचना कर रहा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार की विदेश नीति को व्यक्तिगत और कमजोर बताते हुए कहा कि इससे देश की स्थिति प्रभावित हो रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण आम जनता को महंगाई का सामना करना पड़ रहा है, खासकर रसोई गैस और पेट्रोल के दाम बढ़ रहे हैं।कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी सरकार के रवैये की आलोचना करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया संकट जैसे गंभीर मुद्दे पर स्पष्ट और मजबूत नीति की जरूरत है। राज्यसभा में एक अन्य सदस्य ने वर्ष 2003 में इराक युद्ध के दौरान पारित प्रस्ताव का हवाला देते हुए सरकार से इसी तरह का स्पष्ट रुख अपनाने की मांग की।हम आपको यह भी बता दें कि इस पूरे संकट का असर देश के भीतर भी दिखने लगा है। रसोई गैस की संभावित कमी और कीमतों में अनियमितता को लेकर संसद में स्थगन प्रस्ताव तक लाया गया। विपक्ष का कहना है कि सरकार को इस मुद्दे पर तुरंत ठोस कदम उठाने चाहिए ताकि आम जनता को राहत मिल सके। इस बीच, विशेषज्ञों का मानना है कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य में स्थिति लंबे समय तक बाधित रहती है, तो इसका असर भारत के व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति पर और अधिक गंभीर हो सकता है।उधर, बढ़ते वैश्विक तनाव को देखते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर देश की सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की। इस बैठक में प्रमुख सैन्य और अनुसंधान अधिकारियों ने भाग लिया और वर्तमान स्थिति का आकलन किया गया। इससे साफ संकेत मिलता है कि भारत कूटनीतिक प्रयासों के साथ साथ सुरक्षा के मोर्चे पर भी सतर्क है।

हम आपको बता दें कि मोदी सरकार ने पश्चिम एशिया संकट पर व्यापक चर्चा के लिए बुधवार शाम पांच बजे सर्वदलीय बैठक बुलाई है। माना जा रहा है कि इस बैठक में सभी दल मिलकर एक साझा रणनीति तैयार करने का प्रयास करेंगे, ताकि देश के हितों की रक्षा की जा सके और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की भूमिका मजबूत बने। प्रधानमंत्री ने भी संसद में कहा है कि इस कठिन समय में देश को एकजुट होकर शांति और संवाद का संदेश देना चाहिए।

## सीएम योगी ने पदक विजेता खिलाड़ियों को नियुक्तिपत्र वितरित किया, बोले- आपने यूपी को गौरवांवित किया

लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। वहीं, खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को लक्ष्मण पुरस्कार व रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित किया। वहीं, उन्होंने खेलों के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान करने वाले खिलाड़ियों को लक्ष्मण पुरस्कार और रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि आप सबने उत्तर प्रदेश को गौरवांवित किया है।




## अखिलेश यादव का बीजेपी सरकार पर डबल अटैक, एलपीजी को बताया लापता गैस, विदेश नीति पर भी घेरा

संवाददाता।

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए एलपीजी को श्लापता गैसश करार दिया और पश्चिम एशिया में असफल विदेश नीति के लिए केंद्र की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा श्मेक इन इंडियाश जैसे नारों से केवल जनता को गुमराह कर रही है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को एलपीजी मुद्दे पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए इसे लपाता गैस करार दिया। पश्चिम एशिया संघर्ष पर भारत के कूटनीतिक दृष्टिकोण पर बोलते हुए यादव ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य जनता को गुमराह करना है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने एलपीजी को नया नाम दिया हैरू लपाता गैस... अगर वे युद्ध शुरू होने से ठीक पहले ईरान और अमेरिका को समझाने में सफल हो जाते, तो न तो ईरान को इतना नुकसान होता और न ही इतनी जानें जातीं... लेकिन ये अजीब लोग हैं जो हर अवसर को बर्बाद कर देते हैं। इन्होंने श्मेक इन इंडियाश का सपना दिखाया था... ये लोग सिर्फ जनता को गुमराह करना चाहते हैं। इसी दिन पहले, अखिलेश यादव ने शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत के साथ महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अबू आजमी द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में भाग लिया। नेताओं ने भोजन किया और ष्हम सब एक हैंष लिखे हुए पोस्टर पकड़े। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते हुए यादव ने इसे भारत की पहचान का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि मुझे अबू आजमी का हमें आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद और यहां उपस्थित सभी लोगों को हार्दिक बधाई। यही भारत का मूल्य है। हम एक–दूसरे के त्योहारों में शामिल होते हैं और खुशियां और शुभकामनाएं बांटते हैं। कुछ दिन पहले होली थी, और हमने रंगों और मिठाइयों से एक–दूसरे को बधाई देकर वह त्योहार मनाया। इसी तरह ईद आ रही है, और हम उसे भी मिठाइयों से एक–दूसरे को बधाई देकर मनाएंगे। यही हमारे देश की सबसे बड़ी पहचान है। 'दावत–ए–इफ्तार' में महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वास्तविकता यह है कि जो धर्मांतरण विरोधी विधेयक पेश किया गया है, उसके पीछे वे केवल धर्म के नाम पर राजनीति करना चाहते हैं। ऐसे विधेयक लाकर वे केवल जनता में भ्रम फैलाना चाहते हैं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा स्थापित कानूनी ढांचा इस राष्ट्र के शासन के लिए सबसे मजबूत आधार हैय यह हर धर्म के लिए समानता सुनिश्चित करता है।

## बिहार राजनीति में नया बवाल! तेजस्वी का दावा- बीजेपी कर रही जेडीयू को खत्म करने की साजिश

एजेंसी।

पटना बिहार। राजद नेता तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को




जबरन राज्यसभा भेजा जा रहा है, जो भाजपा द्वारा जदयू को खत्म करने की एक साजिश है। इस आरोप के बीच, नीतीश कुमार को निर्विरोध जदयू का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया, जिससे पार्टी पर उनकी पकड़ और मजबूत हो गई है। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जब से यह सरकार सत्ता में आई है, आम नागरिकों और गरीबों को परेशानी झेलनी पड़ी है। नोटबंदी के दौरान, कोविड के दौरान और अब गैस की कमी के समय आपने इसे देखा ही होगा। इसका मतलब है कि सरकार पूरी तरह विफल हो गई है। सरकार का काम यह सुनिश्चित करना है कि जनता को कोई परेशानी न हो। अगर कमी है, तो आपने क्या व्यवस्था की है? आपने ऐसी क्या रणनीति बनाई है जिससे हमारे आम नागरिकों को असुविधा न हो? तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री राज्यसभा जाना नहीं चाहते थे। उन्हें जबरदस्ती राज्यसभा भेजा जा रहा है। हम शुरू से कहते आ रहे हैं कि भाजपा जनता दल यूनाइटेड को खत्म करना चाहती है। हम सिर्फ इतना कहेंगे कि मुख्यमंत्री राष्ट्रपति बन गए हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के फैसले अंतिम नहीं होते। मुख्यमंत्री का चेहरा सामने रखकर जनता दल यूनाइटेड के कुछ लोग खुद फैसले लेते हैं। उन्होंने भाजपा के साथ जनता दल यूनाइटेड को खत्म करने का समझौता किया है। वे इसी काम में लगे हुए हैं। दूसरी ओर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुन लिये गए, क्योंकि पार्टी के शीर्ष पद के लिए किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया। नीतीश दिसंबर 2023 में लोकसभा चुनाव से पहले ललन सिंह के जद(यू) अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद से ही पार्टी के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। नीतीश (75) हाल ही में हुए चुनावों में राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं निर्वाचन अधिकारी अनिल प्रसाद हेगड़े ने नीतीश कुमार के जद(यू) अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की और पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में जद(यू) के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ध्ध्ललन सिंह को उनके चुनाव का प्रमाण पत्र सौंपा।

## बिहार में अब धार्मिक स्थल-स्कूल के पास नहीं बिकेगा मांस-मछली - उपमुख्यमंती विजय कुमार सिन्हा

एजेंसी।

पटना। बिहार सरकार ने स्कूलों, मंदिरों और अन्य धार्मिक स्थलों के पास मांस–मछली की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया हैय उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के अनुसार, यह फैसला सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए मौजूदा कानूनों को सख्ती से लागू करने हेतु लिया गया है। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने घोषणा की कि बिहार सरकार ने शिक्षण संस्थानों, पूजा स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों के पास मांस और मछली की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। उन्होंने इसके पीछे सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिमों और इस चिंता




का हवाला दिया कि ऐसे वातावरण बच्चों में हिंसक व्यवहार को बढ़ावा दे सकते हैं। विजय सिन्हा ने कहा कि यह पहले से ही मौजूद हैय कोई नया नियम लागू नहीं किया गया है। हम मौजूदा कानून और नियमों को ही लागू कर रहे हैं, और इसका पालन करना जनता के हित में है, स्वास्थ्य के हित में है, और इससे स्वच्छता अभियान को मजबूती मिलेगी। अधिकारियों ने मंदिरों, मस्जिदों, स्कूलों, कॉलेजों और अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों के पास चल रही दुकानों पर नजर रखी है और इसे नियमों का उल्लंघन बताया है, जिससे सामाजिक सद्भाव को खतरा है। इन स्थानों के पास प्रस्तावित मांस–मछली प्रतिबंध को सार्वभौमिक रूप से लागू किया जाएगा, लाइसेंस धारक विक्रेताओं को भी छूट नहीं दी जाएगी। शहरी विकास और आवास विभाग के प्रभारी सिन्हा ने कहा कि हम व्यक्तिगत खान–पान की पसंद का सम्मान करते हैं, लेकिन आइए सामाजिक सद्भाव बनाए रखें और किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं। किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए और दूषित उत्पादों से सार्वजनिक स्वास्थ्य से समझौता नहीं किया जाना चाहिए ।कार्रवाई शुरू हो चुकी है। शहरी विकास और आवास विभाग ने रविवार को सभी नगर निकायों को वैध लाइसेंस के बिना चल रही अवैध मांस और मछली की दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करने के सख्त निर्देश जारी किए।

## शहीद दिवस पर राष्ट्रबोध व्याख्यान श्रृंखला का भव्य आयोजन

### "सुभारती का राष्ट्रीय चरित्र सेवा, संस्कार और समर्पण पर आधारित"

विजडम इंडिया।

देहरादून। रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय में राष्ट्रबोध व्याख्यान श्रृंखला के 11 वे चरण में 24 मार्च 2026 को शहीद दिवस अत्यंत गरिमा, श्रद्धा एवं राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया, तत्पश्चात उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा 2 मिनट का मौन रखकर वीर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम के क्रम में मेजर जनरल डॉ. जी. के. थपलियाल, निदेशक लोकप्रिया अस्पताल डॉ. जीवनआशा जी एवं कुलपति प्रो.









हिमांशु ऐरन जी द्वारा प्रथम मुख्य विशिष्ट वक्ता श्री रविंद्र सैनी जी को पटका एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान उपरांत श्री सैनी जी ने "राष्ट्रबोध" विषय पर अपने विचार रखते हुए युवाओं को राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठ एवं जागरूक बनने का आह्वान किया।

इसके पश्चात प्रति कुलपति डॉ. देश दीपक जी, ळठब्ड प्रधानाचार्य श्री अनिल मेहता जी एवं डॉ. बलवंत बोरा जी (विशेष कार्य अधिकारी, ळठब्ड अस्पताल) द्वारा द्वितीय विशिष्ट वक्ता श्री रघुनाथ सिंह जी को पटका एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अपने प्रेरक उद्बोधन में श्री रघुनाथ सिंह जी ने राष्ट्रभक्ति की भावना को जीवन में आत्मसात करने पर बल दिया।

कार्यक्रम के अगले चरण में डायरेक्टर जनरल मेजर जनरल डॉ. जी. के. थपलियाल का ओजस्वी एवं प्रेरणादायक व्याख्यान रहा। उन्होंने "राष्ट्रबोध की उपलब्धता" विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रबोध प्रत्येक नागरिक के जीवन का अभिन्न अंग होना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, समर्पण, सेवा भावना एवं कर्तव्यनिष्ठा को सशक्त राष्ट्र निर्माण का आधार बताया तथा शहीदों के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उनका संबोधन उपस्थित जनसमूह के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक सिद्ध हुआ।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संचालक एवं संस्कृति विभाग के सदस्य श्री रमन कृष्ण किमोठी ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया तथा "आजाद हिंद गान" के साथ प्रथम सत्र के समापन की घोषणा की।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में डॉ. इमरान खान, डॉ. गीतिका एवं डॉ. संदीप ध्यानी श्री आशीष गागट जी द्वारा राष्ट्रबोध के विभिन्न आयामों पर छात्र–छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया।

इस अवसर पर सचिव, संस्कृति विभाग श्री विनय सेमवाल जी, डीन एकेडमिक्स प्रो मनमोहन गुप्ता जी , अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो नीतिका कौशल एवं डॉ. पी. के. शर्मा परीक्षा नियंत्रक सहित प्रोफेसर अनेक छात्र छात्राएं एवं अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति एवं कर्तव्यबोध की भावना के साथ हुआ, जिसमें सभी ने शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# औचक निरीक्षण में उजागर हुई मल्टीलेवल पार्किंग की बदहाली, अवैध कार बाजार व गैराज सील

लखनऊरू (आरएनएस ) नगर निगम की महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ मंगलवार को हजरतगंज स्थित मल्टीलेवल पार्किंग एवं केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सामने बनी मल्टीलेवल पार्किंग का औचक निरीक्षण किया। महापौर के अचानक पहुंचने से पार्किंग परिसर में हड़कंप की स्थिति बन गई और मौके पर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति सामने आ गई।निरीक्षण के दौरान सबसे पहले महापौर और नगर आयुक्त हजरतगंज स्थित मल्टीलेवल पार्किंग पहुंचे। यहां लिफ्ट बंद पाई गई, जिससे आम लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इसके अलावा पार्किंग के बेसमेंट में अवैध रूप से कार बाजार और गैराज संचालित होता मिला, जिस पर तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।पार्किंग के सभी फ्लोर पर गंदगी का अंबार देखकर महापौर ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव एवं जोनल सेनेटरी ऑफिसर कुलदीपक को तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। साथ ही पार्किंग परिसर में बने टॉयलेट भी बंद पाए गए, जिन्हें तुरंत खुलवाकर आम जनता के उपयोग के लिए शुरू कराने के आदेश दिए गए। महापौर ने स्पष्ट कहा कि नागरिक सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।निरीक्षण के दौरान पार्किंग में चल रहे गैराज और कार बाजार को तत्काल प्रभाव से सील करा दिया गया। महापौर के निर्देश पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई। छापेमारी के दौरान मौके से लैपटॉप एवं अन्य उपकरण भी जब्त किए गए, जिससे अवैध गतिविधियों के संचालन के प्रमाण मिले हैं।इसके बाद महापौर और नगर आयुक्त ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम के सामने स्थित मल्टीलेवल पार्किंग का भी निरीक्षण किया। यहां भी व्यवस्थाएं संतोषजनक नहीं मिलीं। परिसर में गंदगी फैली हुई थी और यहां भी अवैध रूप से कार बाजार तथा गैराज संचालित होता पाया गया। इस पर अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।महापौर ने नगर आयुक्त को निर्देशित किया कि आरटीओ अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर पार्किंग में लंबे समय से खड़ी गाड़ियों की जांच कर उन्हें जब्त किया जाए। साथ ही पार्किंग परिसरों में अवैध रूप से गैराज और कार बाजार चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।महापौर ने कहा कि नगर निगम की संपत्तियों का दुरुपयोग किसी भी स्थिति में



बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को बेहतर और सुरक्षित सुविधाएं मिल सकें।निरीक्षण के दौरान महापौर ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि जब शहर की जनता पार्किंग शुल्क दे रही है तो उन्हें बेहतर सुविधाएं देना नगर निगम की जिम्मेदारी है। पार्किंग में बुजुर्गों से लेकर सभी आयु वर्ग के लोग आते हैं, ऐसे में लिफ्ट खराब रहने से उन्हें अनावश्यक परेशानी होती है।

# पूर्व मंत्री अंसार अहमद पर हत्या समेत 7 धाराओं में मुकदमा दर्ज

## सपा नेता और बेटे सहित पांच लोग प्रतापगढ़ से गिरफ्तार कोल्ड स्टोरेज हादसे में दरोगा ने तहरीर दी

प्रयागराज(आरएनएस )। प्रयागराज के फाफामऊ में कोल्ड स्टोरेज हादसे में पूर्व मंत्री अंसार अहमद व उसके साथियों पर हत्या समेत सात धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई है। पुलिस खुद इस मामले में वादी बनी है। वादी दरोगा ने अपनी शिकायत में कहा है, मुनाफाखोरी के लिए जानबूझकर ओवरलोडिंग की गई। क्षमता से ज्यादा गैस भी छोड़ी गई। कोल्ड स्टोरेज को अंदर से लॉक कर यह किया गया। जिससे मौत होना सुनिश्चित था।उधर आरोपी बनाए गए पूर्व मंत्री समेत पांच आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। सूत्रों का कहना है कि घटना के बाद पूर्व मंत्री प्रतापगढ़ भाग गए थे। जहां से उन्हें मंगलवार को हिरासत में लिया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार मामले में वादी फाफामऊ थाने के एसएसआई कम्बोद सिंह बने हैं। हादसे के करीब 13 घंटे बाद उनकी तहरीर पर कोल्ड स्टोरेज मालिक व पूर्व मंत्री अंसार समेत सात नामजद व पांच अज्ञात पर एफआईआर दर्ज की गई। उनके अलावा मैनेजर उस्मान, करीब मो. असलम बाबा, मंजूर, अलाउद्दीन, जावेद व मो. इरफान भी नामजद हुए। इनमें से मंजूर अंसार का बेटा है।एफआईआर में कुल सात धाराएं लगाई गईं। इनमें पहली धारा हत्या की है। इसके अलावा 7 सीएलए एक्ट समेत छह अन्य धाराएं भी लगाई गई हैं। पुलिस अफसरों के मुताबिक, तहरीर में मौके पर जो स्थितियां थीं उसके अनुसार जानबूझकर ऐसा कृत्य किया गया, जिससे मौत होना निश्चित थी। इसके आधार पर ही धाराएं लगाई गई हैं। विवेचना में विस्तृत जांच पड़ताल होगी। इसके बाद तथ्यों के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। दरोगा ने तहरीर में लिखा है कि मैं एसएसआई फाफामऊ थाना कम्बोद सिंह हल्का नं. 02 का प्रभारी हूं। 23 मार्च को लगभग 13रू30 बजे आदर्श कोल्ड स्टोरेज मे कूलिंग के लिए प्रयोग की जाने वाली अमोनिया गैस का चौम्बर फट जाने के कारण कोल्ड स्टोर की दीवारें गिर गईं। जिस कारण से चार मजदूरोंकी मौत हो गई। करीब 14–15 घायल हो गए। जहरीली अमोनिया गैस का रिसाव हुआ और गैस पूरे वातावरण मे फैल गई जिससे आसपास रहने वाले लोगों मे जीवन भय पैदा हो गया। लोगों का दम घुटने लगे, आंखो से आंसू निकलने लगा, सांस लेने मे दिक्कत होने लगी और इससे उनकी मौत भी हो सकती थी। सूचना पर मैं मौके पर पहुंचा तो आसपास के लोगों ने बताया



कि आदर्श कोल्ड स्टोर लगभग 25 वर्षो से ऐसे ही संचालित था। इसका कोई मरम्मत व रखरखाव नहीं हो रहा था और यहां लगभग 90–100 मजदूर काम कर रहे थे। इन्हें किसी प्रकार की ट्रेनिंग नहीं दी गई थी।कोल्ड स्टोर जर्जर था और यहां कोई भी टेक्नीशियन नहीं रखा गया था। कोई मानक नहीं था। मुनाफाखोरी के लिए क्षमता से बहुत ज्यादा स्टोरेज किया गया था व जानबूझकर क्षमता से कई गुना गैस छोड़ी गई। डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि पुलिस ने आरोपी बनाए गए पूर्व मंत्री समेत पांच आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। सूत्रों का कहना है कि घटना के बाद पूर्व मंत्री प्रतापगढ़ भाग गए थे।

# बीबीएयू में 'मानवाधिकारों के उभरते आयाम' विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

लखनऊरू (आरएनएस ) बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में दिनांक 24 मार्च को मानवाधिकार विभाग एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के संयुक्त तत्वावधान में 'मानवाधिकारों के उभरते आयाम' विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कार्यवाहक कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. एस.के. भटनागर उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मंच पर विधि अध्ययन विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो. संजीव कुमार चढ्ढा, मानवाधिकार विभाग की विभागाध्यक्ष एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की निदेशक प्रो. प्रीति मिश्रा, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अजय सिंह कुशवाहा तथा आयोजन सचिव डॉ. राशिदा अतहर उपस्थित रहीं।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं बाबासाहेब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। विश्वविद्यालय कुलगीत के पश्चात आयोजन समिति की ओर से मंचासीन अतिथियों एवं शिक्षकों को शॉल भेंट कर उनका स्वागत किया गया। सर्वप्रथम संकायाध्यक्ष प्रो. संजीव कुमार चढ्ढा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। इसके पश्चात आयोजन सचिव डॉ. राशिदा अतहर ने सभी को कार्यक्रम के उद्देश्य एवं रूपरेखा से अवगत कराया।कार्यवाहक कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मानवाधिकारों का वास्तविक उद्देश्य केवल अधिकार प्रदान करना नहीं, बल्कि मानव जीवन को सुरक्षित, सम्मानजनक और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों के संरक्षण तथा मानवीय मूल्यों को केंद्र में रखकर कार्य करने के लिए तीन प्रमुख कारककृसुरक्षा, सुरक्षित वातावरण और स्वावलंबनकृको विशेष महत्व देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यक्ति को बाहरी खतरों, अन्याय तथा शोषण से बचाती है, जबकि सुरक्षित वातावरण ऐसा माहौल प्रदान करता है जहाँ व्यक्ति बिना भय के अपने अधिकारों का उपयोग कर सके। स्वावलंबन व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाकर उसे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और सक्षम बनाता है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार व्यक्ति की गरिमा और स्वतंत्रता की रक्षा करने के साथ–साथ एक न्यायपूर्ण, सुरक्षित और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।मुख्य अतिथि प्रो. एस.के. भटनागर ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को मौलिक अधिकारों के साथ शांति, सुरक्षा और समाज के समग्र विकास का अधिकार प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में केवल अधिकारों की मांग करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों के अनुरूप कर्तव्यों का भी निर्वहन करना चाहिए। विशेष रूप से श्रमिक एवं कार्यशील वर्ग के संदर्भ में उन्होंने सशक्त श्रम संरक्षण कानूनों की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे उनकी आजीविका के अधिकार और सशक्तिकरण को सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने वर्तमान तकनीकी युग की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए व्यक्तिगत गोपनीयता की रक्षा के लिए प्रभावी विधिक ढांचे की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि तकनीकी प्रगति के साथ मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।मानवाधिकार विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. प्रीति मिश्रा ने मानवाधिकारों के उल्लंघन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बदलते समय में तकनीकी प्रगति के साथ नई चुनौतियाँ सामने आ रही हैं। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि जहाँ एक ओर यह तकनीक मानवाधिकारों के संरक्षण में सहायक हो सकती है, वहीं इसके दुरुपयोग से निजता के हनन और भेदभाव जैसी समस्याएँ भी उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने विविध लैंगिक समुदायों के अधिकारों पर बल देते हुए समावेशिता, समानता और गरिमा सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई। साथ ही उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आँकड़ों की सुरक्षा और ऑनलाइन माध्यमों में गोपनीयता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है।कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के लिए चार तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। प्रथम तकनीकी सत्र उत्तर प्रदेश राज्य विधि विज्ञान संस्थान की डॉ. शश्या मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय के डॉ. चन्द्र सेन प्रताप सिंह ने की। तृतीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता एमिटी विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर के प्रो. तपन कुमार चंडोला तथा चतुर्थ तकनीकी सत्र की अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय के डॉ. भानु प्रताप द्वारा की गई।कार्यक्रम के समापन पर आयोजन समिति की ओर से मंचासीन अतिथियों एवं शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# दबिश दे कर लौट रही पुलिस की प्राइवेट गाड़ी पलटी, तीन दारोगा और एक महिला सिपाही घायल

प्रयागराज(आरएनएस )। दबिश दे कर लौट रही पुलिस की प्राइवेट गाड़ी मंगलवार सुबह रसूलाबाद क्षेत्र में पलट गई। इससे वाहन में सवार तीन दारोगा और एक महिला सिपाही जख्मी हो गए। उन्हें स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया गया कि नैनी थाने में दर्ज एक मुकदमे से जुड़े अभियुक्त की पुलिस को तलाश है। मंगलवार की भोर में उसकी लोकेशन शिवकुटी थाना क्षेत्र के रसूलाबाद में मिली। उसे पकड़ने के लिए गए नैनी थाने के तीन दारोगा और एक महिला सिपाही की टीम प्राइवेट गाड़ी से दबिश दे कर लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में सांड़ आने के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया और फिर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इससे खलबली मच गई।

दबिश देकर वापस लौट रही नैनी थाने की टीम की गाड़ी शिवकुटी थाना क्षेत्र के तेलियरगंज में डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिससे उस पर सवार तीन दरोगा समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नैनी थाने में तैनात दरोगा हर्ष कुमार, धर्मेंद्र कुमार, बलिराम और महिला सिपाही संगीता समेत पांच लोग दबिश के लिए गए थे। वापस लौटते समय तेलियरगंज के समीप गाड़ी डिवाइडर से टकराकर पलट गई, जिससे उस पर सवार पांचों लोग घायल हो गए।आसपास के जुटे लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन–फानन सभी घायलों को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उनका इलाज चल रहा है।

# अमर शहीद भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु के बलिदान से पड़ी राष्ट्र की नींव

प्रयागराज(आरएनएस )। आर्य कन्या डिग्री कालेज में नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट (एनयूजे आई) प्रयागराज जिला इकाई तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से शहीद–ए–आजम भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को याद किया गया और शहीद दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के राष्ट्र निर्माण की भूमिका में महत्वपूर्ण योगदान को आने वाली पीढियों में साझा करना रहा। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व आईजी लालजी शुक्ला,महाविद्यालय के अध्यक्ष शासी निकाय पंकज जायसवाल, एनयूजे के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष के बख्श सिंह, महामंत्री संतोष भगवन, कोषाध्यक्ष अनुपम सिंह चौहान, वरिष्ठ पत्रकार सुनील शुक्ला, समाज सेवी प्रखर श्रीवास्तव, प्राचार्य प्रो अर्चना पाठक, असिस्टेंट प्रो डा रंजना त्रिपाठी, एनयूजे के संरक्षक पवन द्विवेदी, जिलाध्यक्ष कुंदन श्रीवास्तव, महामंत्री अखिलेश शुक्ला और चित्रांशी ने दीप प्रज्ज्वलन तथा शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया। इसके पश्चात दो मिनट का मौन रखकर महान क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनयूजे उ प्र के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष के बख्श सिंह तथा संचालन आभा मधुर ने किया।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश – उत्तराखंड आर्य समाज परिषद के महामंत्री और महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यह वर्तमान तथा भविष्य के पीढियों की जिम्मेदारी है कि वह देश की आजादी के अपनी विरासतों को याद करें और राष्ट्र निर्माण की सीख लें। मुख्य अतिथि पूर्व आईजी लाल जी शुक्ला ने कहा कि देशभक्ति, त्याग, साहस और राष्ट्रसेवा की भावना को जागृत रखना सभी युवा एवं देशवासियों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि शहीदों ने जिस आजादी की थाती हमें और आपको सौंपा है उसको बनाएं रखना हमारी, आपकी जिम्मेदारी है।एनयूजे के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष के बख्श सिंह ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधान मे कहा कि देश के भविष्य युवाओं को राष्ट्र की उन्नति और विकास के लिए आगे आना होगा। एनयूजे के महामंत्री संतोष भगवन ने भव्य आयोजन के लिए कालेज प्रबंधन और एनयूजे प्रयागराज इकाई को बधाई दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग मिलकर आजादी को बनाए रखते हुए आने वाली पीढियों को आजादी के महत्व की जानकारी देते रहे।इसके साथ ही कोषाध्यक्ष अनुपम सिंह चौहान समाज सेवी प्रखर श्रीवास्तव, महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो अर्चना पाठक ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर एनयूजे प्रयागराज महामंत्री अखिलेश शुक्ला, मधुर दरबारी, मनोज कुमार, मुलायम सिंह विशेन, सुशांत त्रिपाठी, नसीम खान, शनी केसरी, चित्रांशी यादव, अश्वनी श्रीवास्तव, रतन शुक्ला, अखिलेश अस्थाना, जे एन यादव, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, बी के यादव, मो रिजवान, अशर्फी खान, रंजीत निषाद, मो शाहिद, मो असद कुरैशी अमित श्रीवास्तव सैय्यद सुहैल हनीफ, प्रो इभा सिरोठिया, प्रो अंजू श्रीवास्तव, प्रो नीलांजना जैन, डॉ मुदिता तिवारी, डॉ स्मिता, डॉ सोनमती, एनएस एस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ दामिनी, डॉ शिवानी, डॉ सुधा एवम समस्त शिक्षिकायें, शिक्षक एवं सभी छात्रायें उपस्थित रहीं।

# जेवर में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की तैयारियों पर हुई बैठक

लखनऊ (आरएनएस ),। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने सोमवार को जेवर (जनपद गौतमबुद्धनगर) में पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में आगामी 28 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन तथा प्रस्तावित विशाल जनसभा की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों, जनसंपर्क अभियान तथा व्यवस्थाओं के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार–विमर्श किया गया। यह भी तय किया गया कि कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने–अपने दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करेंगे।प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर तीव्र गति से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में देश ने आधारभूत संरचना, तकनीकी क्रांति, औद्योगिक विकास तथा सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। उत्तर प्रदेश में भी प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में विकास की नई धारा प्रवाहित हुई है।उन्होंने कहा कि जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा, जो न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि पूरे उत्तर भारत के आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेगा। इससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा क्षेत्र वैश्विक निवेश का प्रमुख केंद्र बनेगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" का मंत्र आज धरातल पर साकार हो रहा है। सरकार की गरीब कल्याण योजनाएं समाज के अंतिम पायदान तक पहुंच रही हैं, वहीं आधुनिक आधारभूत संरचना से जुड़ी परियोजनाएं देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा रही हैं।प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी ही कार्यक्रम की सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक जनसंपर्क बढ़ाएं और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करें।बैठक में यह संकल्प लिया गया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व बनाया जाएगा। इसके लिए सभी कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा, उत्साह और अनुशासन के साथ जुटेंगे तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।बैठक के दौरान तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं सुचारु रूप से पूर्ण की जाएं। स्वागत, सुरक्षा, सुविधा, वाहन खड़े करने की व्यवस्था तथा पेयजल सहित सभी प्रबंधों को सुदृढ़ रखने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि जनसभा में आने वाला प्रत्येक नागरिक बेहतर व्यवस्था का अनुभव कर सके और एक सकारात्मक संदेश लेकर जाए।

# नींव की खुदाई के दौरान बगल का मकान ढहा

प्रयागराज।(आरएनएस ) कोतवाली क्षेत्र के साउथ मलाका में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक प्लॉट पर नींव खुदाई के बाद पिलर बांधने के दौरान बगल के मकान का एक हिस्सा ढह गया। इसके नीचे दबने से विनोद कुमार और शारदा नाम के दो मजदूर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें अस्पताल भेजा गया है। घटना के दौरान कुल 9 मजदूर मौके पर काम कर रहे थे, जिनमें से सात सकुशल बाहर निकल आए। मौके पर कई थानों की फोर्स के साथ ही एसडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई है।बताया जा रहा है कि यहां नई इमारत के निर्माण के लिए नींव की खुदाई का काम चल रहा था और पिलर बांधे जा रहे थे। उसी दौरान पास का मकान भरभराकर गिर गया। जिस मकान का एक हिस्सा ढहा, वह प्रकाश केसरवानी का बताया जा रहा है जो कपड़ों की दुकान चलाते हैं। जिस प्लॉट पर पिलर बांधने का काम चल रहा था, वह दारागंज के किसी व्यक्ति का बताया जा रहा है। घटना के समय नींव की खुदाई और पिलर बांधने में कुल 9 मजदूर काम कर रहे थे। शुरुआती जानकारी में एक मजदूर के दबे होने की आशंका जताई गई थी, लेकिन बाद में सभी मजदूरों का पता चल गया।हादसे में दो मजदूर घायल हुए हैं। दोनों की पहचान विनोद (40 वर्ष) और शारदा (35 वर्ष) के रुप में हुई है। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। राहत की बात यह है कि किसी मजदूर के मलबे में दबे होने की पुष्टि नहीं हुई है।घटना के बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर मलबे की जांच की। प्रशासन का कहना है कि फिलहाल किसी के दबे होने की सूचना नहीं है, लेकिन एहतियात के तौर पर जांच की जा रही है। डीसीपी सिटी मनीष कुमार सैंडिल लेने बताया कि घटना में दो मजदूर मलबे के नीचे दबे थे जिन्हें निकाल कर अस्पताल भेजा गया है। अन्य सभी मजदूर सुरक्षित हैं।

# नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, मोहम्मदपुर मजरा में करोड़ों की सरकारी भूमि अतिक्रमण से मुक्त

लखनऊ। (आरएनएस ) नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देशन में सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को तहसील बीकेटी क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर मजरा में व्यापक कार्रवाई की गई। यह अभियान अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव के निर्देश पर संचालित किया गया, जिसमें सहायक नगर आयुक्त एवं प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) रामेश्वर प्रसाद द्वारा गठित दल ने सक्रिय भूमिका निभाई।कार्रवाई के दौरान गाटा संख्या–158 (क्षेत्रफल 0.281 हेक्टेयर) तथा गाटा संख्या–184 (क्षेत्रफल 0.238 हेक्टेयर) की नगर निगम की भूमि पर अवैध कब्जे पाए गए। इन भूमियों पर कुछ व्यक्तियों द्वारा चारदीवारी बनाकर भूखंडों का अवैध विभाजन किया जा रहा था और व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। इससे शासकीय भूमि को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा था।नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माणों को तत्काल हटाने की कार्रवाई प्रारंभ की। खुदाई मशीन की सहायता से चारदीवारी और अन्य अवैध ढांचों को ध्वस्त कर दिया गया। इस कार्रवाई का नेतृत्व नायब तहसीलदार नगर निगम राजेन्द्र कुमार ने किया, जिन्होंने पूरी प्रक्रिया की निगरानी की।अभियान के दौरान नगर निगम के लेखपाल संजू मौर्या, कविता तिवारी, आशुतोष कुमार, आलोक यादव तथा विनोद कुमार वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ढहे कोल्ड स्टोरेज के मलबे से आलू लूटने की मच गई होड़

प्रयागराज।(आरएनएस ) फाफामऊ के चंदापुर गांव स्थित पूर्व मंत्री अंसार अहमद के जिस आदर्श कोल्ड स्टोरेज में हादसा हुआ, वहां आज मंगलवार को मलबे में दबे आलू, ईंट–सरिया लूटने में की होड़ मची हुई है। कोल्ड स्टोरेज के मलवा को ढोने के लिए नगर निगम की करीब एक दर्जन वाहन लगे हुए हैं। मलवा को बेला कछार के मैदान पर फेंका जा रहा है। मलवे से आलू, ईट और सरिया को निकाल कर भारी संख्या में ग्रामीण अपने घरों को ले जाते दिखे। चंदापुर गांव स्थित कोल्ड स्टोरेज में हुए हादसे ने लोगों को दहला दिया था। टैंक के फटने के बाद अमोनिया गैस से चंदापुर गांव के लोगों का दम घुटने लगा था। 180 से अधिक घरों के लोग घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की तरफ भाग निकले। एक घंटे बाद स्थिति सामान्य हुई, तब धीरे–धीरे कर वह वापस लौटे। कोल्ड स्टोरेज में धमाका हुआ तो इसकी आवाज करीब डेढ़ किलोमीटर तक लोगों ने सुनी। चंदापुर, गद्दोपुर, मलाक हरहर, शांतिपुरम समेत आसपास के गांव के लोग सहम गए थे।



# बहुचर्चित घनश्याम तिवारी हत्याकांड में दोषियो को उम्र-कैद की सजा

### कोर्ट ने दोषी अजय नारायण पर 1.20 लाख रुपए एवं दोषी दीपक पर लगाया 70 हजार रुपए का अर्थदंड

सुलतानपुर(आरएनएस )। बहुचर्चित चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में एडीजे प्रथम संध्या चौधरी की अदालत ने आज मंगलवार को दोषियो की सजा पर अपना फैसला सुनाया। जिसमे अदालत ने दोषी अजय नारायण सिंह व दीपक सिंह को उम्रकैद व अर्थदंड की सजा सुनाई है। दोनों दोषियो को अदालत ने सजा काटने के लिए जेल भेजने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष से पैरवी कर रहे शासकीय अधिवक्ता पवन कुमार दूबे ने कहा कि उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा था, पीड़ित परिवार के साथ न्याय जरूर होगा। कोर्ट के फैसले का सभी को इंतजार था,जो आ चुका है।कोतवाली नगर के शास्त्री नगर मोहल्ले की रहने वाली वादिनी निशा तिवारी ने 23 सितंबर 2023 की घटना बताते हुए अपने पति घनश्याम तिवारी की हत्या के आरोप में स्थानीय कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में पुलिस ने नारायनपुर गांव निवासी जगदीश नारायण सिंह, विजय नारायण सिंह, अजय नारायन सिंह व धनपतगंज थाने के मायंग निवासी दीपक सिंह के खिलाफ आरोप–पत्र पेश किया था। मामले में दो आरोपियो की दौरान विचारण मृत्यु हो चुकी है, जबकि आरोपी अजय नारायण सिंह व दीपक सिंह के खिलाफ ट्रायल चल रहा था।

# फर्म के कागजो की जाँच मे मिली गड़बड़ी तो ईओ ने किया टेंडर निरस्त

### सत्र 2026-27 के लिए निकाली गयी थी निविदा

सुल्तानपुर(आरएनएस )। नगर पालिका द्वारा आगामी सत्र 2026–27 के लिए निकाला गया टेंपो टैक्सी ई रिक्शा पार्किंग लोडिंग अन लोडिंग व ठहराव शुल्क का टेंडर टेक्निकल बिड की जाँच के बाद तीन फर्मो के कागजात मे कमिया पाए जाने के बाद अधिशाषी अधिकारी लाल चंद्र सरोज द्वारा सोमवार को निरस्त कर दिया गया । सोमवार को दोपहर बाद टेक्निकल बिड खुलने पर जाँच अधिकारियों ने टेंडर पत्रवालियो की जाँच मे खामिया पाई थी जिम्मेदार अफसरों द्वारा इसे अब नये सिरे से निकाल कर निविदा प्रक्रिया पूर्ण कराये जाने के निर्देश जारी किये गए। नगर पालिका से जुड़े सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आगामी सत्र के लिए टेंपो टैक्सी पार्किंग शुल्क ई रिक्शा लोडिंग अनलोडिंग ठहराव शुल्क का नगर पालिका द्वारा टेंडर निकाला गया था सोमवार को चार फर्म ने टेंडर प्रक्रिया मे भाग लिया। दोपहर बाद नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा टेक्निकल बिड खोली गई टेक्निकल बिड खुलने के बाद फर्म के ठेकेदारों की मौजूदगी में टेक्निकल विड में प्रस्तुत किए गए कागजात की जांच की गई शुक्ला इलेक्ट्रिकल्स एंड कंस्ट्रक्शन द्वारा जताई गई आपत्ति के बाद जांच में नगर पालिका के राजश्व निरीक्षक प्रवीण सिंह कर निरीक्षक अनूप भारती व इंजीनियर हनुमान सिंह ने बारीकी से सभी फर्मो के कागजात की जांच की। जांच में पाया गया कि सैनिक इंटरप्राइजेज फर्म में नगर पालिका की सीमा के अंतर्गत मांगी गई 25 लाख की गारंटी के उलट ग्रामीण क्षेत्र की लगभग 15 लाख की गारंटी लगाई गई है। सैनिक इंटरप्राइजेज फर्म के प्रोपराइटर के निवास के भी 14 साल पुराना होने के कारण संदिग्ध माना गया और इस निवास प्रमाण पत्र के तकनीकी जांच की बात कही गई वहीं दूसरी फर्म यश कंस्ट्रक्शन के खाते से अथर्व ट्रेडर्स व यश कंस्ट्रक्शन में सिक्योरिटी की धनराशि जमा कराई गई जिससे दोनों फर्मो के मिले होने का प्रमाण प्राप्त हुआ। अधिशासी अधिकारी लालचंद सरोज के निर्देशन में जांच के बाद अथर्व ट्रेडर्स को जहां अपात्र पाया गया वहीं सैनिक इंटरप्राइजेज फर्म की हैसियत व निवास में कमियां दिखाते हुए टेक्निकल बिड से बाहर कर दिया गया।यहाँ शुक्ला इलेक्ट्रिक एवं कंस्ट्रक्शन कंपनी के कागजों को पूरी तरह वैध करार दिया गया। अंत मे एक फर्म के पात्र होने के कारण पालिका के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा निविदा प्रक्रिया को निरस्त करते हुए आने वाले समय में पुनः निविदा करा कर टैक्सी स्टैंड का ठेका अनुबंध करने की बात कही गई। यहाँ संदिग्ध फर्मो के अद्देयता प्रमाण पत्र जारी किये जाने का सिस्टम भी चर्चा मे रहा पालिका के इतिहास में बीते कई वर्षों में टेंपो टैक्सी स्टैंड चलाने वाली कई फर्मों द्वारा पालिका का लाखों रुपया डकारे जाने के उलट शुक्ला इलेक्ट्रिक एवं कंस्ट्रक्शन कंपनी ने बीते सत्र के ठेके को संचालित करते हुए नगर पालिका के समस्त देयको का समय से भुगतान करते हुए दोबारा टैक्सी टेंपो ई–रिक्शा पार्किंग लोडिंग अनलोडिंग एवं ठहराव शुल्क निविदा में भाग लिया था। यहाँ कागजो मे गड़बड़ी व जाली दस्तावेजो की आशंका के चलते नगर पालिका परिषद मे टेंडर डालने वाली सभी फर्मो के कागजो की बारीकी से जाँच को लेकर पालिका के अधिकारी एलर्ट हो गए है।

# नवनिर्मित गौशाला में दम तोड़ रहे गोवंश, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

### अब तक कई गोवंशों की मौत, परिसर में घुस रहे कुत्ते व आवारा जानवर

सुल्तानपुर। दुबेपुर ब्लॉक क्षेत्र की अलहदादपुर ग्राम सभा में बनी नवनिर्मित गौशाला में गोवंशों की लगातार मौत का मामला सामने आ रहा है। गौशाला में पहले भी कई गोवंशों की मौत हो चुकी है और मृत पशुओं को बिना पोस्टमार्टम कराए ही दफना दिया गया। सोमवार को भी एक और गोवंश ने दम तोड़ दिया।गौशाला में गोवंशों की देखभाल और सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त नहीं है, जिससे बीमार या कमजोर पशुओं की हालत बिगड़ रही है। वहीं पशु चिकित्सक राजेश वर्मा ने बताया कि गौशाला अभी पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। आसपास से आवारा जानवर और कुत्ते परिसर में घुस जा रहे हैं, जिससे छोटे बछड़ों के घायल होने की आशंका बनी रहती है। उन्होंने बताया कि जिस गोवंश की मौत हुई है वह एक बछड़ा था। पशु चिकित्सक के अनुसार गौशाला की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य कराया जा रहा है।

# स्मृतिशेष चंद्रशेखर शुक्ल 'बेबी भइया' की प्रथम पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब

### हजारों लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

सुल्तानपुर(आरएनएस )। समाजसेवा के क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले, लोकाधिकार सेवा समिति के संस्थापक एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, सुविख्यात समाजसेवी स्मृतिशेष चंद्रशेखर शुक्ल 'बेबी भइया' की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव रेवारी, बेलहरी (जनपद सुल्तानपुर) में सोमवार, 23 मार्च 2026 को भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन उनके ज्येष्ठ पुत्र एवं लोकाधिकार सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल 'रिंकू भइया', छोटे पुत्र प्रशांत चंद्रशेखर शुक्ल एवं ब्लॉक प्रमुख जयसिंहपुर राहुल चंद्रशेखर शुक्ल के संयोजन में हुआ। इस अवसर पर प्रदेश एवं जिले के अनेक गणमान्य व्यक्ति, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व राज्यपाल के विधिक सलाहकार एस.एस. उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, विधायक राजप्रसाद उपाध्याय, राजेश गौतम, रमेश चंद्र मिश्रा सहित कई वरिष्ठ नेता,




अधिकारी एवं बुद्धिजीवी शामिल रहे। सभा में उपस्थित वक्ताओं ने बेबी भइया के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उन्होंने समाजसेवा को अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनका जीवन गरीबों, असहायों और जरूरतमंदों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा है। विशेष रूप से उल्लेख किया गया कि उन्होंने अपने निजी संसाधनों से 1280 निर्धन कन्याओं का सर्वजातीय सामूहिक विवाह कराकर समाज में एक मिसाल कायम की। इसके अलावा निःशुल्क कंबल वितरण, चश्मा वितरण, मोतियाबिंद ऑपरेशन, दिव्यांगों को ट्राई साइकिल प्रदान करना, जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा का खर्च उठाना एवं गंभीर बीमारियों के इलाज में सहयोग जैसे अनेक कार्य उनके सामाजिक समर्पण को दर्शाते हैं। सांस्कृतिक क्षेत्र में भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा, जिसमें रामलीला मंचन, कजरी महोत्सव, कवि सम्मेलन तथा बंदी सुधार अभियान के तहत कारागारों में मानस प्रवचन जैसे आयोजन शामिल हैं। वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि बेबी भइया जैसा व्यक्तित्व विरले ही होता है।

# मेडिकल कालेज की लापरवाही

### घायल पिता को रेफर कर नाबालिग बेटी को थमाई पर्ची, सुरक्षा पर उठे सवाल

सुल्तानपुर(आरएनएस )। जनपद के मेडिकल कॉलेज में इलाज व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। कूरेभार थाना क्षेत्र के राघवपुर गांव से आए एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को डॉक्टरों ने उपचार देने के बजाय रेफर कर दिया। हैरानी की बात यह रही कि बेसुध हालत में स्ट्रेचर पर पड़े घायल पिता की जिम्मेदारी उसकी नाबालिग बेटी के कंधों पर डाल दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संपत्ति विवाद को लेकर पट्टीदारों ने व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। किसी तरह उसकी बेटी उसे लेकर जिला मेडिकल कॉलेज पहुंची और भर्ती कराया। घायल के हाथ में विगो लगी थी और वह अचेत अवस्था में था। लेकिन अस्पताल प्रशासन ने मानवीय संवेदनाओं को दरकिनार करते हुए इलाज से हाथ खड़े कर दिए और नाबालिग बेटी को ही रेफर लेटर थमा दिया। बच्ची के पास न तो पैसे हैं और न ही मोबाइल फोन, ऐसे में उसे अपने गंभीर रूप से घायल पिता को लेकर लखनऊ जाना पड़ेगा। पूछने पर बच्ची ने अपना नाम मुस्कान बताया और खुद को राघवपुर गांव का निवासी बताया। उसकी मां का पहले ही निधन हो चुका है, जिससे उसकी स्थिति और भी दयनीय हो गई है।बताया जा रहा है कि हमलावर लगातार घायल की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं, जिससे बच्ची और उसके पिता की सुरक्षा भी एक बड़ा सवाल बन गई है। वहीं, इस पूरे मामले में जब कूरेभार थाना प्रभारी (एसओ) और क्षेत्राधिकारी (सीओ) से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उनसे बात नहीं हो सकी।

# नाले में डूबे युवक की लाश 20 घण्टे बाद मिली

जौनपुर (आरएनएस )। खुटहन थाना क्षेत्र में एक युवक की नाले में डूबने से मौत हो गई। करीब 20 घंटे तक चले खोजबीन अभियान के बाद युवक का शव सेवई नाले से बरामद किया गया। यह घटना कपसियां गांव के पास हुई।ज्ञात हो कि शेरापट्टी गांव निवासी 28 वर्षीय दीपक यादव अपने दोस्तों के साथ नाले के चेकडैम पर नहाने गया था। नहाते समय अचानक पानी का बहाव तेज हो गया, जिससे दीपक अपना संतुलन खो बैठा और गहरे पानी में बह गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से तुरंत रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया, लेकिन देर शाम तक दीपक का कोई सुराग नहीं मिल सका।अगले दिन सुबह करीब 8 बजे दीपक यादव का शव घटनास्थल से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर नाले में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में आगे की आवश्यक कार्रवाई कर रही है।बताया जा रहा है कि मृतक दीपक यादव पढ़ाई में होशियार था और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। वह अपने परिवार का इकलौता बेटा था। इस हादसे के बाद गांव में सुरक्षा उपायों को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नाले के चेकडैम पर बैरिकेडिंग और चेतावनी बोर्ड जैसे पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# महोत्सव के पहले दिन 600 जोड़ों का सामूहिक विवाह

जौनपुर (आरएनएस )। तीन दिवसीय महोत्सव के पहले मंगलवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 600 से अधिक जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। यह आयोजन शाही किला में किया गया, जिसमें हिंदू रीति–रिवाज से विवाह और मुस्लिम जोड़ों का निकाह शामिल था।कार्यक्रम में जौनपुर के प्रभारी मंत्री एके शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और मंडप में पहुंचकर नवदंपतियों को जीवन यापन के लिए दैनिक वस्तुएं उपहार स्वरूप भेंट कीं। प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सामूहिक विवाह योजना की सराहना की। मंत्री ने जानकारी दी कि जिला प्रशासन के सहयोग से 600 से अधिक जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ है। उन्होंने सभी नवदंपतियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।मंत्री शर्मा ने योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका लक्ष्य गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में आने वाली बाधाओं को दूर करना है। इस योजना के तहत प्रति जोड़े को एक लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है, जिससे परिवारों को आर्थिक मदद मिलती है। उन्होने बताया कि सरकार बनने के बाद गरीब परिवारों के कल्याण के लिए कई योजनायें चलायी जा रही है जिसमें सामूहिक विवाह योजना प्रमुख है। इस अवसर पर राज्यमंत्री गिरीष यादवएमएलसी ब्रिजेष सिंह और जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 12 फरार आरोपियों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित

### एसपी चारु निगम का सख्त आदेश, पुलिस ने की छापेमारी तेज

सुल्तानपुर(आरएनएस )। जिले के अखंडनगर थाना क्षेत्र में दर्ज एक मुकदमें से जुड़े 12 फरार आरोपियों पर पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने 25–25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। सभी आरोपी काफी समय से फरार चल रहे हैं और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहे हैं। वहीं पुलिस के मुताबिक संबंधित मुकदमें में नामजद सभी आरोपी वांछित हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने प्रत्येक आरोपी पर इनाम घोषित किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमों द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। साथ ही जनपद स्तर पर विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। वहीं पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि आरोपियों के बारे में कोई भी ठोस जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

# वरिष्ठ सर्जन डॉ. समद्दर ने जटिल ऑपरेशन करके गरीब मरीज को दिया नया जीवनदान

सौरभ जायसवाल

लखनऊ।कहते है सड़क किनारे पड़े लावारिस व्यक्तियों को देखकर लोग नजर अंदाज कर देते है पर उन्ही के बीच एक फरिश्ता भी बनकर आते है और गंभीर बीमारी से जूझ रहे लावारिस व्यक्ति को उसकी मंजिल तक पहुँचाकर अपना फर्ज निभाते है।ऐसा ही एक मामला बलरामपुर हॉस्पिटल में देखने को मिला जब एक रिक्शा चालक ने बीते 20 जनवरी को लावारिस मंद बुद्धि व्यक्ति को सड़क किनारे पड़ा देख फौरन अपने रिक्शा से बलरामपुर हॉस्पिटल में छोड़कर चला गया था। अत्यंत गंभीर अवस्था में इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। मरीज का लगभग 15 वर्ष पूर्व आंतों का ऑपरेशन हुआ था, जिसमें पेट की बाहरी आंत को खोलकर मल त्याग का रास्ता (स्टोमा) बनाया गया था। आर्थिक रूप से अत्यधिक कमजोर होने के कारण मरीज द्वारा उस स्टोमा को बाद में बंद नहीं कराया गया, जिसके चलते पेट में संक्रमण होकर घाव हो गया था।मंगलवार को वरिष्ठ सर्जन डॉ. समद्दर ने बलरामपुर चिकित्सालय प्रशासन से अनुमति प्राप्त कर मरीज का सफलतापूर्वक पुनः ऑपरेशन कर आंतों को जोड़ दिया।मरीज ने अपना शोएब बताया और निवास अज्ञात धर्मशाला में ठहरना बताया।मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि मरीज की स्थिति गंभीर थी, लेकिन समय पर उपचार एवं टीम वर्क से सफल परिणाम प्राप्त हुआ।



# डा0 आरबी चौहान जिलाध्यक्ष, डा. विभव सिन्हा महामंत्री बने

मछलीशहरध जौनपुर (आरएनएस )। सेवा भारती जिला मछलीशहर की बैठक कमला हॉस्पिटल मछली शहर पर हुई। जिसमें क्षेत्र सेवा प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के युद्धवीर की संस्तुति के उपरांत प्रान्त सहसेवा प्रमुख काशी प्रान्त पवन ने बहुप्रतीक्षित जिला कार्यसमिति की घोषणा कर दी है। इस घोषणा के साथ ही संगठन में नई ऊर्जा और सक्रियता का संचार होने की उम्मीद जताई जा रही है। जिससे संगठन की समावेशी सोच स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।डॉ0 विनय कुमार त्रिपाठी विभाग उपाध्यक्ष जौनपुर द्वारा जारी 25 पदाधिकारियों की सूची में सेवा भारती की मंशा के अनुरूप युवाओं को प्राथमिकता देते हुए सामाजिक समीकरण का विशेष ध्यान रखा गया है। चार विधानसभा क्षेत्रों वाली इस जनपद इकाई में सभी वर्गों के प्रतिनिधित्व को संतुलित ढंग से शामिल किया गया है। जिसमें संरक्षक ब्रह्मदेव उपाध्याय, जिलाध्यक्ष डॉ आर बी चौहान उपाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी, डॉ ए के तिवारी,संतोष बिंद, महामंत्री डॉ विभव सिन्हा, सौरभ दुबे मंत्री संगम, परमानंद, नितेश सेठ कोषाध्यक्ष रणजीत यादव संपर्क प्रमुख मोलू जायसवाल किशोरी विकास प्रमुख बीना सिंह तथा प्रचार प्रमुख का दायित्व जय प्रकाश तिवारी को दिया गया। वहीं पर स्वालंबन प्रमुख संजय सिंह स्वास्थ आयाम प्रमुख डॉ0 कोविदेंद्र अध्ययन प्रमुख सुशील मिश्रा तथा सामाजिक आयाम प्रमुख अशोक सरोज को बनाया गया।सेवा भारती पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने इस घोषणा का स्वागत करते हुए इसे संगठन को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। नई टीम से आगामी संगठनात्मक गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ तेज सिंह बाल रोग विशेषज्ञ विभाग अध्यक्ष तथा डॉ वेद प्रकाश सिंह विभाग सेवा प्रमुख जौनपुर ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक मछलीशहर राजेन्द्र प्रथम एवं सौरभ त्रिपाठी,अंकित चौधरी, अभिनय उपाध्याय, महेश रूद्र मौर्य, दिलीप जायसवाल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद जिला सेवा प्रमुख मछलीशहर ने किया ।

# 122 ग्राम पंचायतें बनीं टीबी मुक्त, जनपद तेजी से बढ़ा 'टीबी मुक्तभारत' की ओर

बाराबंकी विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोक सभागार में आयोजित जागरूकता एवं सम्मान समारोह



में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जनपद को टीबी मुक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि "हां! हम टीबी हरा सकते हैं, भारत के नेतृत्व में टीबी का अंत संभव है"कृयह संकल्प जनपद में धरातल पर साकार हो रहा है।जिलाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025 में जनपद की 122 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है, जिनमें 05 पंचायतों को स्वर्ण, 29 को सिल्वर तथा 88 पंचायतों कांस्य कलर गांधी जी की प्रतिमा दी गई है। यह उपलब्धि स्वास्थ्य विभाग एवं ग्राम स्तर पर कार्यरत टीमों के सतत प्रयासों का परिणाम है।उन्होंने कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी से निपटने के लिए जनजागरूकता, समय पर जांच और नियमित उपचार अत्यंत आवश्यक है। सरकार द्वारा टीबी मरीजों को निःशुल्क जांच एवं उपचार के साथ–साथ पोषण सहायता भी प्रदान की जा रही है। जिलाधिकारी ने समस्त ग्राम प्रधानों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।इसी क्रम में आयोजित सम्मान समारोह में जिलाधिकारी द्वारा ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र कुमार (न्यामतपुर), बाबूलाल (हरचन्द्रपुर), भुलन मौर्या (सिक्रोहरा) तथा श्रीमती गुले हाशमी (जबरीखुर्द) को उनकी ग्राम पंचायतों में लगातार तीन वर्षों तक उत्कृष्ट कार्य करने हेतु स्वर्ण कलर गांधी जी की प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।सम्मान प्राप्त करने वाले ग्राम प्रधान धर्मेन्द्र कुमार (न्यामतपुर) ने बताया कि उनकी ग्राम सभा में आयोजित प्रत्येक बैठक में क्षय रोग के लक्षण, उपचार एवं बचाव से संबंधित जानकारी नियमित रूप से साझा की जाती है, जिससे ग्रामवासियों में जागरूकता बढ़ी है।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम स्तर पर टीबी रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु नियमित रूप से बैठकों का आयोजन किया जाए तथा अधिक से अधिक लोगों की जांच एवं उपचार सुनिश्चित कराया जाए।जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 24 मार्च से 100 दिवसीय सघन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में विशेष जांच अभियान संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समय पर जांच, पूर्ण उपचार एवं जनजागरूकता ही टीबी उन्मूलन का सबसे प्रभावी माध्यम है।जनपद टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है और इसमें स्वास्थ्य विभाग के साथ–साथ जनसहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

बाराबंकी,। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार श्री शशांक त्रिपाठी, जिला



मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज ई०वी०एम० एवं वी०वी०पैट वेयरहाउस जनपद बाराबंकी का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम, वीवीपैट स्ट्रांगरूम और सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि श्री तेजस के, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, श्री संजय कुमार विश्वास, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी बाराबंकी, श्री कमल किशोर, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, बाराबंकी सहित अन्य उपस्थित थे।

# छठे दिन माँ शारदा का भव्य श्रृंगार

जौनपुर(आरएनएस )। नगर स्थित परमानतपुर में नवरात्रि के छठे दिन मंगलवार को माँ शारदा मैहर वाली मंदिर में अद्भुत भक्ति और श्रद्धा का दृश्य देखने को मिला। मंदिर परिसर को रंग–बिरंगे फूलों और आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें माता के दर्शन के लिए लगी रहीं। छठे स्वरूप मां कात्यायनी को स्मरण कर इस अवसर पर मंगला आरती से पहले माँ शारदा का विशेष श्रृंगार किया गया। माता को लाल चुनरी और आभूषणों से सजाया गया, वहीं गेंदा और सफेद फूलों की सुंदर मालाओं से उनका अलौकिक रूप और निखर उठा। चारों ओर लटकती पुष्पमालाएं और दीपों की रोशनी ने मंदिर को दिव्यता से भर दिया।श्रृंगार के साथ–साथ माता को भोग अर्पित किया गया, जिसमें फल, मिठाइयां और विभिन्न प्रकार के प्रसाद शामिल रहे। भक्तों ने श्रद्धापूर्वक नारियल, फल और पुष्प अर्पित कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# इरान के भीतर तक ऐसे घुसा इजरायल गली-मोहल्ले, दफ्तरों के सीसीटीबी कैमरा को ही बना लिया अपना निगरानी हथियार

रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल ने ईरान के निगरानी तंत्र में ऐसी सेंध लगाई कि लगभग हर गतिविधि उसकी नजर में आ गई। यह केवल फुटेज देखना नहीं था, बल्कि लोगों की आवाजाही, उनके रोजमर्रा के पैटर्न और यहां तक कि गाड़ियों के ठहराव तक का विश्लेषण किया गया। दुनिया की जासूसी और तकनीकी जंग अब एक नए और खतरनाक मोड़ पर पहुंच चुकी है। हाल में सामने आई जानकारी ने यह साबित कर दिया है कि आधुनिक युद्ध केवल मिसाइल और टैंक से नहीं लड़े जाते, बल्कि कैमरों, डाटा और अदृश्य एल्गोरिदम से भी तय होते हैं। रिपोर्ट के अनुसार इजराइल ने ईरान की सड़कों पर लगे कैमरों को एक ऐसे घातक हथियार में बदल दिया, जिसने सीधे सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई तक खतरे की रेखा खींच दी।

यह कोई साधारण साइबर हमला नहीं था। यह एक सुनियोजित, गहराई तक घुसपैठ करने वाली रणनीति थी, जिसमें हजारों कैमरों को हैक कर उन्हें जासूसी और निशाना तय करने के औजार में बदल दिया गया। ईरान के शहरों, घरों और सड़कों पर लगे कैमरे, जो सुरक्षा के लिए लगाए गए थे, वही अचानक इजराइल की आंख और कान बन गए।रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल ने ईरान के निगरानी तंत्र में ऐसी सेंध लगाई कि लगभग हर गतिविधि उसकी नजर में आ गई। यह केवल फुटेज देखना नहीं था, बल्कि लोगों की आवाजाही, उनके रोजमर्रा के पैटर्न और यहां तक कि गाड़ियों के ठहराव तक का विश्लेषण किया गया। इस डाटा के आधार पर संभावित लक्ष्यों की पहचान की गई। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे ऑपरेशन का केंद्र खामेनेई थे। जानकारी के अनुसार, उनके आवास और आसपास की गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई। यह साफ संकेत देता है कि यह हमला केवल निगरानी तक सीमित नहीं था, बल्कि एक संभावित हत्या की योजना का हिस्सा था।इस पूरे मामले में एक बड़ा सवाल यह उठता है कि इतनी गहरी घुसपैठ आखिर कैसे संभव हुई? रिपोर्ट बताती है कि यह केवल बाहरी हमला नहीं था, बल्कि इसमें अंदर से मिली मदद या सिस्टम की कमजोरियां भी शामिल थीं। इजराइल ने उन कमजोर कड़ियों को खोजा, जहां से वह पूरे नेटवर्क को



अपने नियंत्रण में ले सकता था। यह भी सामने आया है कि कैमरों से प्राप्त डाटा को बाहर के सर्वर तक पहुंचाया गया, जिससे इजराइल को रीयल टाइम निगरानी की सुविधा मिली। इसका मतलब है कि ईरान का पूरा शहरी ढांचा कुछ समय के लिए दुश्मन के नियंत्रण में था। देखा जाये तो यह घटना आधुनिक युद्ध की दिशा को पूरी तरह बदल देने वाली है। अब युद्ध केवल सीमा पर नहीं लड़े जाएंगे, बल्कि शहरों के भीतर, लोगों के बीच और डिजिटल नेटवर्क के जरिए लड़े जाएंगे। इजराइल ने यह दिखा दिया कि यदि किसी देश का निगरानी तंत्र कमजोर है, तो वही उसकी सबसे बड़ी कमजोरी बन सकता है।सामरिक दृष्टि से इजराइल का यह ऑपरेशन कई स्तरों पर महत्वपूर्ण है। एक तो यह साबित करता है कि साइबर और भौतिक युद्ध अब एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। साथ ही निगरानी प्रणाली को हथियार में बदलना भविष्य के युद्धों की नई रणनीति बन सकता है। इसके अलावा, किसी देश के शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचने के लिए अब पारंपरिक तरीकों की जरूरत नहीं रह गई है।देखा जाये तो इस खुलासे ने पूरी दुनिया को हिला दिया है। यह केवल ईरान की कहानी नहीं है, बल्कि हर उस देश के लिए चेतावनी है जो तकनीक पर निर्भर है। यदि कैमरे, सेंसर और निगरानी प्रणाली सुरक्षित नहीं हैं, तो वह दुश्मन के लिए खुले दरवाजे हैं।इस पूरे घटनाक्रम के कई गंभीर निहितार्थ हैं। जैसे कि डाटा ही नया हथियार है यानि जो देश डाटा को नियंत्रित करेगा, वही युद्ध जीतेगा। साथ ही आंतरिक सुरक्षा की अहमियत सर्वाधिक है क्योंकि केवल बाहरी दुश्मन से नहीं, बल्कि सिस्टम की कमजोरियों से भी खतरा है। इसके अलावा, नेतृत्व पर सीधा खतरा है यानि अब किसी भी देश का शीर्ष नेतृत्व सुरक्षित नहीं माना जा सकता। बहरहाल, इजराइल का यह ऑपरेशन एक संकेत है कि दुनिया किस दिशा में बढ़ रही है। यह खामोश युद्ध है, जहां गोलियां नहीं चलतीं, लेकिन निशाने सटीक होते हैं। जहां दुश्मन दिखाई नहीं देता, लेकिन हर समय मौजूद रहता है। ईरान के लिए यह एक बड़ा झटका है, लेकिन दुनिया के लिए इससे भी बड़ा सबक।

## सम्पादकीय

### गैस संकट के अभी शुरुआती दिन

पश्चिम एशिया में युद्ध लंबा खिंचा (जिसकी पूरी संभावना है) और होरमुज जलडमरुमध्य का मार्ग बंद रहा, तो आने वाले दिनों में नोटबंदी या कोरोना काल जैसे परिमाण के संकट का सामना देश को करना पड़ सकता है।

रसोई गैस के लिए हाहाकार मच गया है। जगह–जगह से सिलिंडर भरवाने के लिए गैस एजेंसियों के सामने लंबी कतारों की खबरें मिल रही हैं। ये हाल तब है, जबकि सरकार ने एलपीजी की 80–85 फीसदी सप्लाई औद्योगिक क्षेत्र से घरेलू उपयोग के लिए भेजने का निर्णय लिया है। कॉमर्शियल उपयोग के लिए गैस की सप्लाई काफी हद तक बाधित हो चुकी है। गौरतलब है कि अभी संकट के शुरुआती दिन हैं। पश्चिम एशिया में युद्ध लंबा खिंचा (जिसकी पूरी संभावना है) और होरमुज जलडमरुमध्य का मार्ग बंद रहा, तो आने वाले दिनों में नोटबंदी या कोरोना काल जैसे परिमाण के संकट का सामना देश को करना पड़ सकता है। अब यह सामने आया है कि चूंकि गैस का भंडारण मंहगा पड़ता है, इसलिए भारत ने खुद को लगातार सप्लाई पर ही निर्भर बनाए रखा। अब चूंकि मुश्किल आ खड़ी हुई है, तो सरकार आपातकालीन निर्णय लेने को मजूबर है। उसने ऐसे लिए हैं, जिनसे घरेल उपभोक्ताओं को अधिकतम राहत मिल सके। यह सही, मगर समस्याग्रस्त प्राथमिकता है। आखिर श्रमिक वर्ग के लोग फैक्टरियों या कार्यस्थलों पर कैंटीन या ढाबों में भोजन करते हैं।

लाइन होटल ट्रक एवं बस ड्राइवरों और अन्य लंबी दूरी के यात्रियों के खाना खाने की जगहें हैं। फिर अनगिनत लोग रोज कामकाज के सिलसिले में यात्राओं पर जाते हैं, जो रेस्तरां या होटलों में ही भोजन करते हैं। फिलहाल स्थिति यह है कि अनेक शहरों से रेस्तरां और होटलों में मेनू की कटौती हो रही है और कुछ रोज में उनके बंद हो जाने की चेतावनी दी गई है। रेस्तरां और क्लाउड किचन पर लाखों कर्मचारी एवं होम फूड डिलीवरी से जुड़े गिग वर्कर निर्भर हैं। उधर औद्योगिक गैस की कटौती से कल–कारखाने बंद हुए, तो उसका असर लाखों नौकरीशुदा लोगों पर पड़ेगा। उत्पादन, वितरण, एवं उपभोग में गिरावट से अर्थव्यवस्था पर होने वाला दूरगामी असर अलग है। तो कुल मिलाकर देश एक बड़ी मुश्किल में फंसता नजर आ रहा है। इसके मद्देनजर क्या यह कहना काफी होगा कि युद्ध होता है, तो दिक्कत होती है? या एहतियाती कदम ना उठाने के लिए किसी की जवाबदेही तय होगी?

### हमारी नियति झूठमेव जयते

भारत हर दिन झूठ सुनता है। जैसे ताजा वाक्य हैकृहम बंगाल जीतेंगे और घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे! सोचें, भाजपा ने पूरा देश बारह वर्षों से जीता हुआ है और इन बारह वर्षों में बारह दर्जन घुसपैठिए भी भारत से नहीं निकाले गए! और तो और बांग्लादेश से सटे असम, त्रिपुरा, मणिपुर से लेकर दिल्ली, बिहार, यूपी आदि सभी को मोदी सरकार ने पिछले बारह वर्षों से जीता हुआ हैं, पर कितने घुसपैठिए भारत से निकाले गए? बावजूद इसके, फिर झूठ के बूते ही भाजपा बंगाल जीतेगी! ऐसे ही बाहर वर्षों से इजराइल हमें सीमा सुरक्षा, आतंकवाद के मामले में ड्रोन आदि हर तरह की मदद करता हुआ है, लेकिन इन्हीं बारह वर्षों में पुलवामा से लेकर पहलगाम के आतंकी हमले हुए, जो न तो सामान्य थे और न जिनका कोई जिम्मेदार एक भी आतंकी पकड़ा गया। बावजूद इसके, नागरिकों में भय और असुरक्षा पैदा कर उनके वोट लेते रहने के लिए आतंक मिटाने का झूठा नैरेटिव स्थायी है।सोचें, पिछले सप्ताह नई वैश्विक क्रांति एआई का दिल्ली में कैसा मेला–तमाशा हुआ? भारत को अमेरिका, चीन जैसा एआई महाबली बताया गया। जबकि इस सप्ताह की हकीकध्त यह है कि भारत की आईटी कंपनियों के शेयर बुरी तरह गिरे। टीसीएस, इंफोसिस जैसी नामी कंपनियों के शेयरों की कीमत 18 से 25 प्रतिशत लुढ़की। अकेले फरवरी में भारत की आईटी कंपनियों का 47 बिलियन डॉलर वैल्यूएशन खत्म हुआ है। पर मुमकिन है इस सप्ताह से यह नया झूठ शुरू हो कि पहले से ही भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह छल होगा जीडीपी वृद्धि की गणना के आधार वर्ष को बदलकर।इस नए आधार वर्ष के साथ भारत की सांख्यिकी एजेंसी डिजिटल सेवाओं और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे नए क्षेत्रों के योगदान को जीडीपी में बढ़ाने वाली है। मतलब जैसे एआई में भारत हवाहवाई है, वैसे ही डिजिटल सेवाओंऔर सोलर यानी नवीकरणीय ऊर्जा में भी बस ऐवें ही है। जबकि मैन्युफैक्चरिंग या खेती में ठोस उत्पादन या पैदावार के वास्तविक आँकड़े उपस्थित होते हैं। जैसे चीन के आँकड़े उसकी फैक्ट्रियों, खेती, इंफ्रास्ट्रक्चर, रोबोट, महानगरों के साक्ष्य से भी प्रकट हैं। मगर भारत में आगे डिजिटल खांचे से जीडीपी के आँकड़े चाहे जो हो सकते हैं।वह भी तब, जब भारत के आईटी क्षेत्र की नामी कंपनियों को एआई की वजह से लेने के देने पड़ रहे हैं। नोट रखें, दशकों से भारत की आईटी कंपनियाँ कंप्यूटरी भाषा कोबोल आधारित बैंकिंग सिस्टम, पुराने ईआरपी प्लेटफॉर्म, मेनफ्घ्रेम आदि के आधुनिकीकरण से अरबों रुपये कमाती रही हैं।

## वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत तलाशने की बढ़ी दरकार

भारत के संदर्भ में देखें, तो रसोई गैस के मोर्चे में देश ने पिछले दस वर्षों में बड़ी क्रांति को देखा है। देश के रसोई घरों में पीएनजी यानी पाइप्ड नेचुरल गैस और एलपीजी यानी लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस की खपत बढ़ी है। मौजूदा आंकड़ों के अनुसार, देश में प्राकृतिक गैस की रोजाना खपत करीब 189 मिलियन घन मीटर है।ईरान पर अमेरिकी और इजरायली कार्रवाई के बाद पेट्रोलियम पदार्थों के आयात में ना सिर्फ भारत, बल्कि पूरी दुनिया को कई तरह की परेशानियों और रूकावटों का सामना करना पड़ रहा है। अगर खाड़ी संकट जल्द नहीं थमा तो पहले से ही करीब अस्सी अरब डॉलर सालाना खर्च करने वाले भारत की ऊर्जा क्षेत्र की चुनौतियां और बढ़ सकती हैं। पेट्रोलियम कारोबार पर निगाह रखने वाले वैश्विक संस्थानों को आशंका है कि अगर ईरान–इजरायल–अमेरिका युद्ध लंबा खिंचा और इससे कच्चे तेल की कीमतों में प्रति बैरल दस डॉलर की भी बढ़ोत्तरी हुई तो भारत का पेट्रोलियम आयात खर्च पंद्रह हजार करोड़ डॉलर सालाना बढ़ सकता है। पेट्रोलियम आयात पर होने वाली इस बढ़ोतरी के चलते भारत पर नए सिरे से आर्थिक दबाव बढ़ेगा । ऐसे में जरूरी है कि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों को लेकर नए सिरे से विचार करे और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की तलाश की दिशा में ना सिर्फ आगे बढ़े, बल्कि शोध और विकास पर भी जोर लगाए। खाड़ी संकट के बाद सिर्फ भारत ही नहीं, पूरी दुनिया को इस दिशा में सोचने को मजबूर किया है। तमाम देश वैचारिक स्तर पर पेट्रोलियम पदार्थों के विकल्पों की खोज में जुटने लगे हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर दुनिया का बढ़ता ध्यान इसी बदलते सोच का प्रतीक है। चीन ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने पर पिछले कुछ वर्षों में इतना जोर दिया है कि वहां एक तरह से इलेक्ट्रिक वाहन क्रांति ही आ गई है। भारत ने साल 2030 तक कुल वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी तीस प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। ईरान संकट के पहले से ही इलेक्ट्रिक वाहनों के चलन



को बढ़ावा देने की सरकारी कोशिशों से सालाना पेट्रोलियम आयात में करीब 25 हजार करोड़ की बचत होने लगी है। लेकिन जिस तरह पेट्रोलियम उत्पादक खाड़ी के क्षेत्र में हालात बदल रहे हैं, उससे देश को पेट्रोलियम के विकल्प ढूंढ़ने की दिशा में तेजी लाने और इस सिलसिले में शोध और विकास को भी गति देने की जरूरत बढ़ी है। ऐसा किए बिना देश के लिए पेट्रोल और डीजल के आयात के लिए विदेशी मुद्रा के भारी खर्च पर लगाम लगाना आसान होगा। भारत के संदर्भ में देखें, तो रसोई गैस के मोर्चे में देश ने पिछले दस वर्षों में बड़ी क्रांति को देखा है। देश के रसोई घरों में पीएनजी यानी पाइप्ड नेचुरल गैस और एलपीजी यानी लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस की खपत बढ़ी है। मौजूदा आंकड़ों के अनुसार, देश में प्राकृतिक गैस की रोजाना खपत करीब 189 मिलियन घन मीटर है। लेकिन घरेलू उत्पादन महज 97.5 मिलियन घन मीटर रोजाना ही है। करीब साठ फीसद गैस बाहर से आयात ही करना पड़ता है। देश में करीब 33 लाख एलपीजी कनेक्शन हैं। इनमें दस लाख 33 हजार कनेक्शन प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत दिए गए हैं। इन कनेक्शनों पर सालाना 312 लाख टन गैस खर्च होती है। इस खर्च होने वाली गैस का साठ फीसद हिस्सा आयात किया जाता है। जाहिर है कि देश का बड़ा गैस खर्च भी आयात पर ही निर्भर है। इसमें दो राय नहीं कि आधुनिक दुनिया की ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत पेट्रोलियम पदार्थ ही हैं, जिसमें डीजल, पेट्रोल और गैस तीनों ही शामिल हैं। भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार देश की ऊर्जा स्रोत के रूप में सबसे ज्यादा खपत डीजल की है, जो कुल पेट्रोलियम खर्च का करीब करीब 38.5 फीसद है। इसके बाद पेट्रोल का नंबर आता है, जिसकी कुल ऊर्जा स्रोत के खपत में करीब 18 प्रतिशत की भागीदारी है, जबकि तीसरे नंबर पर करीब चौदह फीसद हिस्सेदारी के साथ प्राकृतिक गैस है। भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय के मार्च 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार देश में रोजाना करीब 87 करोड़ लीटर पेट्रोल की खपत होती है। जबकि देश में इसका उत्पादन महज 9.65 करोड़ लीटर ही होता है। देश की कुल पेट्रोलियम खपत का करीब 87 फीसद हिस्सा आयात करना पड़ता है। कुल एलपीजी खर्च का 60 फीसद हिस्सा आयात से पूरा किया जाता है। भारत में पारंपरिक रूप से लकड़ी के चूल्हे पर खाना पकाने का चलन रहा है। जिसके लिए जलावन पारंपरिक तौर पर फसलों के साथ ही पेड़ों और जंगलों से मिलता रहा है। लेकिन उन्हें बाद में स्वास्थ्य के लिए खराब माना जाने लगा। अब बदले हालात में जरूरी है कि पारंपरिक चूल्हों को विकसित करके उनकी ओर भी लौटा जाए। इसके लिए ऐसे उन्नत चूल्हे बनाए जाएं, जिससे धुआं कम से कम निकले और उनसे ऊर्जा ज्यादा मिले।

## हुमायु कबीर-ओवेसी के गठबंधन से क्या टीएमसी कमजोर साबित होगीसौरभ वार्ष्णेय

पश्चिम बंगाल की राजनीति में नए समीकरण बनने की आहट अक्सर सियासी बहस को तेज कर देती है। हाल के दिनों में हुमायु कबीर और ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन के संभावित गठबंधन की चर्चा इसी संदर्भ में देखी जा रही है। सवाल यह है कि क्या इससे तृणमूल कांग्रेस कमजोर होगी? जबकि ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) की पकड़ बहुत मजबूत है। गांव–गांव ममता की की छवि प्रभावशील नेता के रूप में विख्यात है। ममता दीदी के नाम से सब जगह उन्हें प्यार दुलार के रूप में देखा जाता है। ममता को कम आंकना बेइमानी होगी। वहीं भाजपा को अन्य राज्यों में हुए चुनाव में समीकरण देखने से पता चता है कि आवेसी की पार्टी ने कुछ हद तक प्रभाव डाला है। अब ऐसे में ममता की तीसरी पारी कैसी होगी यह समय के गर्त में है।

पश्चिम बंगाल का चुनाव ऐसे समय हो रहा है जहां विश्व में कई देश में युद्व की आग में झुके हुए हैं। जिससे पूरे विश्व में चीजें अवरुद्व हो रही है। ऐसे ही युद्व चलता रहा तो निश्चित ही महंगाई भी चरम सीमा पर होगी। अगर देखा जाये तो वोट बैंक की राजनीति और प्रभावित होगी। पश्चिम बंगाल में मुस्लिम वोट बैंक एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो अब तक बड़े पैमाने पर टीएमसी के साथ रहा है। ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन की रणनीति आमतौर पर इसी वोट बैंक में सेंध लगाने की रही है, जैसा कि उसने बिहार और अन्य राज्यों में करने की कोशिश की। यदि हुमायु कबीर जैसे स्थानीय प्रभाव वाले नेता ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन के साथ आते हैं, तो कुछ इलाकों में वोटों का बंटवारा संभव है।

हालांकि, यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि इससे टीएमसी को बड़ा नुकसान होगा। इसके पीछे कुछ कारण हैं संगठनात्मक मजबूती ममता बनर्जी के नेतृत्व में जमीनी नेटवर्क काफी मजबूत है। स्थानीय बनाम बाहरी छवि बंगाल की राजनीति में बाहरी बनाम स्थानीय का मुद्दा अहम रहता है, और ओवेसी की पार्टी को अक्सर बाहरी पार्टी के रूप में देखा जाता है।

वोट ट्रांसफर की चुनौतीरू गठबंधन बनने के बावजूद वोटों का पूरी तरह ट्रांसफर होना आसान नहीं होता। किन क्षेत्रों में असर संभव? सीमावर्ती जिलों और मुस्लिम बहुल सीटोंकृजैसे मुर्शिदाबाद, मालदा, उत्तर दिनाजपुरकृमें इसका कुछ असर दिख सकता है। लेकिन यह असर अधिकतर ञ्जरूष्ट को हराने की बजाय विपक्षी वोटों के और बिखराव के रूप में सामने आ सकता है। दिलचस्प बात यह है कि इस तरह के गठबंधन का अप्रत्यक्ष फायदा भारतीय जनता पार्टी को मिल सकता है। यदि विपक्षी वोट बंटते हैं, तो त्रिकोणीय मुकाबले में भाजपा को बढ़त मिल सकती है।

हुमायु कबीर गठबंधन के लिए स्थानीय स्तर पर चुनौती जरूर खड़ी कर सकता है, लेकिन इसे टीएमसी की व्यापक कमजोरी के रूप में देखना अभी उचित नहीं होगा। यह ज्यादा संभावना है कि इससे विपक्षी खेमे में वोटों का विभाजन बढ़े, जिसका लाभ किसी तीसरे पक्ष को मिल सकता है। कुल मिलाकर, यह गठबंधन बंगाल की राजनीति में हलचल तो पैदा करेगा, लेकिन टीएमसी की जड़ों को हिलाने के लिए अभी और मजबूत, व्यापक और संगठित चुनौती की जरूरत है।

ममता का संघर्ष, सादगी और सियासत की मिसाल

भारतीय राजनीति में ममता का नाम एक ऐसे नेता के रूप में लिया जाता है, जिन्होंने जमीनी संघर्ष से सत्ता के शिखर तक का सफर तय किया। उनका राजनीतिक जीवन केवल पद और सत्ता की कहानी नहीं, बल्कि जिद, जनसंपर्क और निरंतर संघर्ष की दास्तान है। ममता बनर्जी का जन्म 5 जनवरी 1955 को हुआ। साधारण परिवार से आने वाली ममता ने कम उम्र में ही राजनीति में दिलचस्पी दिखानी शुरू कर दी थी। उन्होंने छात्र जीवन से ही सक्रिय राजनीति में भाग लिया और जल्द ही इंडियन नेशनल कांग्रेस से जुड़ गईं। 1970–80 के दशक में उन्होंने कांग्रेस के युवा चेहरों में अपनी पहचान बनाई। 1984 में उन्होंने पहली बार लोकसभा चुनाव जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। तृणमूल कांग्रेस की स्थापना ऐसे समय में हुई जब समय के साथ कांग्रेस में मतभेद बढने लगे। 1998 में ममता बनर्जी ने अलग होकर टीएमसी की स्थापना की। यह कदम उनके राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ। टीएमसी ने धीरे–धीरे पश्चिम बंगाल में अपनी पकड़ मजबूत की और वाम मोर्चे के लंबे शासन को चुनौती दी। 34 वर्षों से सत्ता में रही सरकार को 2011 में ममता बनर्जी ने सत्ता से बेदखल कर दिया। यह पश्चिम बंगाल की राजनीति में ऐतिहासिक परिवर्तन था। ममता बनर्जी राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री बनीं और उन्होंने खुद को दीदी के रूप में जनता के बीच स्थापित किया। ममता बनर्जी की राजनीति की सबसे बड़ी विशेषता उनकी सादगी और जनसंवाद है। वे अक्सर सीधे जनता के बीच जाती हैं और खुद को एक आम नागरिक के रूप में प्रस्तुत करती हैं।

उनकी सरकार ने कई सामाजिक योजनाएं शुरू कीं, जैसेकृ कन्याश्री योजना (महिला सशक्तिकरण), सबुज साथी (छात्रों के लिए साइकिल), स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में सुधार, विवाद और चुनौतियां आदि।

हर बड़े नेता की तरह ममता बनर्जी का सफर भी विवादों से अछूता नहीं रहा। विपक्ष अक्सर उन पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाता है। केंद्र और राज्य के बीच टकराव भी उनकी राजनीति का हिस्सा रहा है। चुनावी हिंसा और प्रशासनिक फैसलों पर भी सवाल उठते रहे हैं।

ममता बनर्जी का राजनीतिक जीवन यह साबित करता है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और जनसमर्थन से असंभव भी संभव हो सकता है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की राजनीति को नई दिशा दी और खुद को राष्ट्रीय राजनीति में एक प्रभावशाली नेता के रूप में स्थापित किया। आज वे केवल एक मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि विपक्षी राजनीति की एक मजबूत आवाज भी हैंकृजो सत्ता के खिलाफ खड़े होने का साहस रखती हैं।

पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ी दिखाई दे रही है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जिस तरह का माहौल बन रहा है, उसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपनी जीत की संभावनाओं को लेकर आश्वस्त नजर आ रही है। सवाल यह है

## आज का राशिफल

मेष राशि–
आज आपका दिन घूमने–फिरने में अधिक बीतेगा। आज परिवार में विशेष लोगों का आवागमन हो सकता है।

वृष राशि–
आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आज काम शुरू करते वक्त आपको सोच विचार करना चाहिए। आपकी आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी।

मिथुन राशि–
आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। नया ऑफिस ज्वॉइन करना चाहते हैं तो समय आपका साथ देगा। कार्य क्षेत्र में सफलता हासिल होगी। आज नौकरी में उल्लास का माहौल बनेगा।

कर्क राशि–
आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज दोस्तों के साथ बाहर खाने का प्लान बनाएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को सोच समझकर फैसला लेना चाहिए।

सिंह राशि–
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। व्यापार में अनुकूल स्थितियां बनी रहेंगी। आज बड़ों का सपोर्ट आपको मिलेगा। आज बच्चों के साथ आप समय बिताएंगे। आज आपको वाहन सुख के योग बन रहे हैं।

कन्या राशि–
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। बिजनेस में डील आज फाइनल होगी।

तुला राशि–
आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूर्ण करने में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक राशि–
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज का दिन आनंद से भरा रहेगा, आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे।

धनु राशि–
आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज पुराना मित्र आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है, आप उसे निराश नहीं करेंगे अपनी सामर्थ्य अनुसार सहायता करेंगे।

मकर राशि–
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप मशीनरी खरीदने का मन बना सकते हैं। परिवार के सदस्यों में प्रेमभाव बढ़ेगा। लवमेट को मनचाहा उपहार मिलेगा।

कुंभ राशि–
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। पुत्र पक्ष से सहयोग मिलेगा, रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों का प्रोजेक्ट जल्द पूरा हो जाएगा, लोग आपके कार्य से खुश होंगे।

मीन राशि–
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा।

# फार्मर रजिस्ट्री, नाम संशोधन की धीमी प्रक्रिया पर जताई नाराजगी

चित्रकूट। शासन की मंशानुरूप जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए तहसील सभागार मऊ में डीएम पुलकित गर्ग की अध्यक्षता एवं एसपी अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चकरोड, नाली निर्माण, अवैध अतिक्रमण और राजस्व से संबंधित विभिन्न शिकायतें प्राप्त हुईं।

डीएम ने निर्देशित किया कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण संबंधित अधिकारी निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें। फरियादियों को बार–बार जिला मुख्यालय के चक्कर न लगाना पड़े। जनपद में फार्मर रजिस्ट्री की धीमी प्रगति और नाम संशोधन में लेखपालों द्वारा की जा रही प्रक्रियात्मक त्रुटियों पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट किया कि नाम संशोधन की प्रक्रिया ऑनलाइन है। लेखपालों द्वारा हस्तलिखित संशोधन अमान्य हैं। उन्होंने अंश निर्धारण संबंधी प्रकरणों को तहसील स्तर पर ही सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि मनरेगा के तहत बनने वाली सड़कों का संयुक्त निरीक्षण कर उन्हें चिन्हित करें। फसल कटाई के तत्काल बाद कार्य प्रारंभ करने तथा कार्य में बाधा डालने वालों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। आय प्रमाण पत्र के संबंध में कहा कि संदिग्ध प्रमाण पत्रों पर रोक लगाते हुए केवल पात्र व्यक्तियों के ही प्रमाण पत्र नियमानुसार बनाए जाएं। अपात्रों के पक्ष में कार्य करने वाले संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई की जाएगी। आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के श्स्पेशल क्लोजश की बढ़ती प्रवृत्ति एवं नेगेटिव फीडबैक पर चिंता जताई। उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण के लिए मौके पर जाकर फोटो, हस्ताक्षर और दो गवाहों के बयान दर्ज किए जाएं। ताकि निस्तारण की विश्वसनीयता बनी रहे।

एसपी अरुण कुमार सिंह ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला संबंधी प्रकरणों को शासन की प्राथमिकता के अनुरूप सर्वोच्च वरीयता देते हुए तत्काल निस्तारित किया जाए। समाधान दिवस के दौरान कुल प्राप्त एवं निस्तारित प्रार्थना पत्रों मे तहसील मऊ में 93 में से आठ, कर्वी में सैंतीस में चार, मानिकपुर में बाईस में एक का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। इस अवसर पर एसडीएम मऊ आरआर रमन, एसडीएम न्यायिक पूजा गुप्ता, परियोजना निदेशक सतपाल यादव, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल वर्द्धन सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के दिए निर्देश

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग ने तहसील मऊ का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालयों की कार्य प्रणाली, लंबित फाइलों की स्थिति, साफ सफाई और क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गहन समीक्षा की।

डीएम ने नायब तहसीलदार और एसडीएम कोर्ट का निरीक्षण करते हुए तीन सबसे पुरानी फाइलों का अवलोकन किया और निर्देश दिया कि धारा 24 से संबंधित वादों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुरानी फाइलों पर अनावश्यक तारीखें न लगाई जाएं, उसका निस्तारण जल्द से जल्द कराएं। कोर्ट की पत्रावलियों पर स्पष्ट रूप से अंकित किया जाए कि सुनवाई टलने का कारण अधिवक्ता हैं या वादकारी। उन्होंने उच्च न्यायालय के आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि तहसील में हड़ताल के दौरान भी सुनवाई प्रक्रिया बाधित नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने जनपद की सभी तहसीलों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक सप्ताह में कितना कोर्ट किए गए उसकी रिपोर्ट भी प्रेषित करें। कहा कि कोई भी गैरविवादित मामला लंबित नहीं रहना चाहिए। जो पक्षकार परिवाद दाखिल नहीं करते उनके वादों को नियमानुसार खारिज करने की कार्यवाही की जाए। परिसर में स्थित सार्वजनिक शौचालय की जर्जर स्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने इसे नगर पंचायत मद से तत्काल जीर्णोद्धार कराने के निर्देश दिए। पूर्व में बने नायब तहसीलदार आवास को भी रेनोवेट कराकर दुरुस्त करने को कहा गया। तहसील परिसर में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा एक कैंटीन संचालित कराने का निर्देश दिए। डीएम ने मऊ चौराहे से महिला पुल तक हो रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मार्ग से तत्काल अतिक्रमण हटाकर कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए।

# विकास में तेजी : तीन परियोजनाओं को मिली मंजूरी

चित्रकूट। विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए डीएम के निर्देशन में विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वी.ति प्रदान की गई है।

क्रिटिकल गैप्स योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानिकपुर में 9.38 लाख की लागत से रैनबसेरा एवं सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे दूरदराज से आने वाले मरीजों एवं तीमारदारों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सरधुवा में 9.17 लाख की लागत से 5 शैय्या क्षमता वाले रैन बसेरा का निर्माण कार्य स्वी.त किया गया है। रैन बसेरा में लगभग 15–20 लोगो की बैठने की भी व्यवस्था रहेगी। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 10 केवीए जनरेटर एवं 50 लीटर क्षमता के आरओ युक्त वाटर कूलर की स्थापना भी सुनिश्चित की जा रही है। इसके अतिरिक्त, विकासखंड मऊ के सेंसासुबकरा क्षेत्र में राष्ट्रीय आजीविका मिशन योजना के अंतर्गत संचालित उम्मीद प्रेरणा लघु उद्योग के लिए 7.21 लाख की लागत से अतिरिक्त गोदाम निर्माण की स्वी.ति प्रदान की गई है। जिसमें स्वयं सहायता महिलाओं द्वारा गर्भवती महिलाओं, किशोरी के लिए प्रतिदिन लगभग 2.5 एमटी पुष्टाहार का उत्पादन किया जाता है। जिसे गोदाम में स्टोर किया जाएगा। इन सभी परियोजनाओं के माध्यम से जनपद में आधारभूत संरचना के विकास को नई दिशा मिलेगी।

# संस्कारम् विद्यापीठ का ऑडिटोरियम में मनाया गया वार्षिकोत्सव

चित्रकूट। मुख्यालय कर्वी स्थित संस्कारम् विद्यापीठ का वार्षिकोत्सव ऑडिटोरियम में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें क्लास प्लेग्रुप, नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी एवं क्लास 1 के बच्चों ने प्रतिभाग कर विभिन्न प्रकार के मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, एसपी अरूण कुमार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता एवं डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, हरिमोहन सिंह इण्टर काले के प्रबन्धक हरिमोहन सिंह एवं राजकिशोरी देवी ने मां सरस्वती की पूजा एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूवात की। तत्पश्चात् विद्यालय के डायरेक्टर आशीष कुमार ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। बच्चों ने प्रार्थना गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। छात्र–छात्राओं ने विभिन्न प्रदेशों की वेशभूषा धारण कर उनकी संस्कृति का प्रस्तुतीकरण किया। नव दुर्गा की विभिन्न देवीयों का रूप धारण कर सुन्दर प्रस्तुति दी। इस मौके पर अतिथियों ने बच्चों की मेहनत की सराहना की। जीवन में आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग विश्वविद्यालय के प्रो गोपाल मिश्र, निहार रंजन मिश्रा, भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के प्रदेश मुख्य महासचिव राजकुमार याज्ञिक, श्रीजी इण्टरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर स्वप्निल अग्रवाल, चित्रकूट पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक रचित अग्रवाल, पूर्व प्रवक्ता मइयादीन पटेल, शान्ती देवी इण्टर कालेज के प्रबन्धक सुनील सिंह, बछरन इण्टर कालेज के प्रबन्धक जितेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य सुरेश चन्द्रा, प्रधानाचार्य बिहारीलाल, वरिष्ठ शिक्षक शिवप्रेम, लोक निर्माण विभाग के अवर अभियन्ता अमित कनौजिया, रेनुका देवी, पार्वती देवी, मोनिका गौतम, बीनापानि मिश्रा, रचना याज्ञिक, शिखा वर्मा, आराधना, सीता देवी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम सम्पन्न कराने में मनीष कुमार, स्वतंत्र कुमार की मुख्य भूमिका रही। संचालन वैष्णवी ने किया।

# 20 स्वास्थ्य उपकेन्द्रों का निर्माण, क्रियाशील होगें दो लैब

चित्रकूट। जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सु.ढ़ एवं सुलभ बनाए जाने के लिए जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष डीएम पुलकित गर्ग के निर्देशन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत अनुमोदित वार्षिक कार्य योजना 2022–24 के तहत जनपद में स्वी.त उपकेन्द्रों के निर्माण कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में कुल 20 उपकेन्द्र स्वी.त किए गए हैं। जिनमें पांच उपकेन्द्रों का निर्माण कार्य जिला पंचायत के माध्यम से कराया जा रहा है। इन उपकेन्द्रों का चयन स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित चिकित्सा अधिकारियों के सुझावों के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए किया गया है। निर्माण के लिए चयनित प्रमुख स्थानों में विकासखंड मऊ, मानिकपुर, रामनगर, पहाड़ी एवं शिवरामपुर के अंतर्गत विभिन्न ग्राम सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त, जनमानस को सुलभ एवं किफायती जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संयुक्त जिला चिकित्सालय में आईपीएचएल लैब तथा ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बीपीएमयू लैब को क्रियाशील किया जा रहा है। वर्तमान में अधिकांश इकाइयां संचालित हो चुकी हैं। जबकि शेष निर्माण कार्य अंतिम चरण में हैं।

# प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के नौ वर्ष’ पर हुआ सम्मान समारोह

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश सरकार के सफलतम ‘नवनिर्माण के 9 वर्ष’ पूर्ण होने के अवसर पर विकासखंड पहाड़ी में संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी, सुशील द्विवेदी द्वारा की गई एवं खंड विकास अधिकारी संजय कुमार पांडेय मौजूद रहे।प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को रेखांकित करते हुए कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्.ष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। जिसमें महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह की 10 महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिन्होंने स्वरोजगार और सामाजिक विकास के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किया है। मनरेगा योजना के अंतर्गत निष्ठापूर्वक कार्य करने वाले श्रमिकों को उनके योगदान के लिए मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पशुपालकों एवं ग्राम प्रधानों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन हुआ। जिसके उपरांत उन्हें सम्मान पत्र वितरित किए गए।समारोह को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा और सुशासन के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशव्यापी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन वर्षों में सरकार ने उत्तर प्रदेश को विकास की नई गति प्रदान की है, जिसके सकारात्मक परिणाम आज ग्रामीण स्तर पर स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं विकास की यह निरंतरता सराहनीय है। खंड विकास अधिकारी संजय कुमार पांडेय ने ब्लॉक स्तर पर संचालित विकास परियोजनाओं की प्रगति साझा की और उपस्थित जनसमुदाय को सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान तक पहुँचाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं विकासखंड के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सीजेएम व सचिव ने जिला जेल की बच्चा बैरक की देखी व्यवस्था

चित्रकूट। उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति इलाहाबाद के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश के मार्गदर्शन में राजेन्द्र प्रसाद भारती मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, इला चौधरी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा विदिशा भूषण प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड किशोर अपचारी जेल में निरूद्ध न हो के सम्बन्ध में जिला कारागार का निरीक्षण किया गया।जेल में अवस्थित बच्चा बैरक का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जेल में निरूद्ध किशोर बन्दियों से उनकी उम्र तथा जेल निरूद्धि दिनांक का अवलोकन किया गया। बाल अपचारियों से सम्बन्धित रजिस्टर का अवलोकन किया गया। पाया गया कि कोई भी 18 वर्ष से कम आयु का बन्दी जिला कारागार में निरूद्ध नहीं है। दौरान निरीक्षण जेल की स्वी.त क्षमता, उनमें कैदियों की कुल संख्या, जेल में भीडभाड का प्रतिशत, भीडभाड की समस्या की देखरेख की गयी। जिला कारागार की स्वी.त क्षमता 770 बन्दियों की है। वर्तमान में कारागार में कुल 477 बन्दी निरूद्ध पाये गये। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दियों से उनकी समस्याओं तथा परिवार वाले मुलाकात के लिए आते हैं कि नही आदि जानकारी ली गयी। समस्त बन्दियों द्वारा बताया गया कि परिवार वाले मुलाकात के लिये निरन्तर आते हैं। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बन्दियों से उनके मुकदमें की पैरवी करने के लिए वकीलों की उपलब्धता के सम्बन्ध में भी जानकारी ली। अवगत कराया गया कि यदि किसी के मुकदमें की पैरवी करने के लिए उनके पास वकील नहीं तो ऐसी स्थिति में जेल में अवस्थापित लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से सम्पर्क कर अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं।

# तीन व्यक्तियों ने फांसी लगाकर दी जान

चित्रकूट। अलग–अलग स्थानों पर पत्नी वियोग व विवाद के चलते तीन व्यक्ति फांसी के फंदे पर झूल गए। जिससे उनकी मौत हो गई। घटना से परिवार में शोक छा गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि पत्नी के छोड़कर जाने व अन्य विवाद के चलते घटना हुई है।पहली घटना राजापुर थाना क्षेत्र के छीबो गांव में हुई। बताया गया कि पप्पू सोनकर (50) पुत्र चुनकावन का शव फांसी के फंदे से लटकता मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनो ने बताया कि पत्नी गीता देवी तीीन माह पूर्व फुफेरे देवर के साथ तीन बच्चों को लेकर चली गई। पत्नी के छोड़कर जाने से वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।दूसरी घटना मऊ थाना क्षेत्र के खंडेहा गांव की है। मृतक के चाचा रामनाथ ने बताया कि भतीजा तारकेश वर्मा (40) पुत्र सियाराम मजदूरी करता था। पत्नी एकता तीन वर्ष से अपने मायके के परिवारीजनो के साथ पूना में रहती है। बड़ा पुत्र विकास के साथ रहता है। पत्नी के न आने पर परेशान रहता था। कमरे के अंदर गमछे से फांसी का फंदा बनाकर झूल गया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक के एक पुत्री, तीन पुत्र है। तीसरी घटना पहाड़ी थाना क्षेत्र के कादरगंज के उत्तम पुरवा में हुई। बड़े भाई ने बताया कि शिव सरोज (32) पुत्र बाबूलाल यादव पत्नी शिवप्यारी से विवाद होने पर दरवाजा बंदर कर फांसी लगा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के एक पुत्र, दो पुत्री हैं। मजदूरी कर भरण पोषण करता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया है।

# मंदाकिनी नदी में डूबने की घटनाएं रोकेगा लोटिंग बैरियर

चित्रकूट। धर्मनगरी के रामघाट स्थित मंदाकिनी नदी में अमावस्या एवं अन्य महत्वपूर्ण पर्वों के अवसर पर श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ को .ष्टिगत स्नान के दौरान गहरे जल में डूबने की संभावित घटनाओं की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में डीएम के निर्देशन में चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा अवस्थापना निधि योजना के अंतर्गत 26.20 लाख की लागत से मंदाकिनी नदी में लोटिंग बैरियर की स्थापना का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कराया गया है। इस लोटिंग बैरियर के माध्यम से स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को सुरक्षित सीमा के भीतर बनाए रखने में सहायता मिलेगी। जिससे गहरे जल में जाने की संभावना कम होगी तथा डूबने जैसी दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित की जा सकेगी। यह पहल न केवल श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी बल्कि जनपद में सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित धार्मिक पर्यटन को भी प्रोत्साहित करेगी। जिला प्रशासन जनसुरक्षा एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# पोर्टस स्टेडियम में जल्द शुरू होगा बोरिंग का कार्य

चित्रकूट। जिले में खेल गतिविधियों को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से डीएम द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम में आवश्यक व्यवस्थाओं को सु.ढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए गए हैं।जिला क्रीड़ाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि स्पोर्ट्स स्टेडियम में विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण में संलग्न बालक एवं बालिका खिलाड़ी नियमित रूप से अभ्यास कर रहे हैं। साथ ही, स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में आमजन भी स्टेडियम परिसर में आते हैं। ऐसे में खिलाड़ियों एवं आगंतुक नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी ने स्टेडियम परिसर में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त, आगामी ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत खिलाड़ियों एवं आम नागरिकों के लिए शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रदान किए गए हैं।

# मलूक पीठाधीश्वर ने डा जैन को दी श्रद्धांजलि

चित्रकूट सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय का राम कथा वाचक मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास महाराज ने भ्रमण कर नेत्र चिकित्सालय में संचालित विभिन्न विभागों का अवलोकन किया। ट्रस्टी डा इलेश जैन ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। चिकित्सालय में संचालित सभी विभागों को देखने के बाद मलूक पीठाधीश्वर ने चिकित्सालय परिसर स्थित पद्मश्री स्व. डॉ बीके जैन के आवास में जाकर परिवारीजनों से मुलाकात की

# गौटेक अवार्ड से सम्मानित हुए डा. ब्रजेश शुक्ल

चित्रकूट। महाराष्ट्र के पुणे शहर में आयोजित गौ टेक सम्मेलन में डा ब्रजेश शुक्ला को गौटेक अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्होंने गौ आधारित उत्पादों के विकास एवं गौ सेवा को आधुनिक तकनीक से जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नवाचारी प्रयासों से गौमूत्र, गोबर आधारित जैविक खाद, दवाइयां एवं अन्य उत्पादों का उत्पादन बढ़ा है ।

## विशेष रोल प्रेक्षक संयुक्तसचिव, भारत सरकार ने एसआईआर के दृष्टिगत मण्डल के तीनों जनपद के मा0 जनप्रतिनिधियों/पालिटिकल पार्टी के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

आजमगढ़ मा0 विशेष रोल प्रेक्षकध्संयुक्त सचिव, भारत सरकार श्री सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता मे अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर चल रहे विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण–2026 के दृष्टिगत मण्डल के तीनों जनपद के जनप्रतिनिधियोंध पॉलिटिकल पार्टी के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गयी।उक्त बैठक में रोल प्रेक्षक महोदय द्वारा आजमगढ मण्डल के समस्त उप जिला निर्वाचन अधिकारियों से फार्म–6, 7 एवं 8 पर प्राप्त दावें एवं आपत्तियों के निस्तारण, नो मैपिंग एवं लॉजिकल डिस्क्रिपेन्सी श्रेणी के मतदाताओं को जारी नोटिसों की सुनवाई तथा आयोग द्वारा विकसित एन०जी०एस०पी० पोर्टल पर प्राप्त हुए शिकायतों के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गयी। उसके उपरान्त विशेष रोल प्रेक्षक महोदय द्वारा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के शिकायत एवं सुझावों को संज्ञान में लिया।विशेष रोल प्रेक्षक ने कहा कि एसआईआर से संबंधित जन प्रतिनिधियों द्वारा दिये गये सुझावोंध शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारी गुणवत्तायुक्त निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देश दिया कि मा0 जन प्रतिनिधियों को सभी विधान सभाओं के बूथों की अद्यतन सूची अविलम्ब उपलब्ध कराया जाए। उन्होने मा0 जन प्रतिनिधियों से कहा कि आने वाले दिनों में यदि किसी भी प्रकार की शिकायतध्समस्या आती है तो जिलाधिकारी अथवा हमारे सम्पर्क नम्बर पर सूचना उपलब्ध करा सकते हैं, जिससे कि मा0 निर्वाचन आयोग को अवगत कराया जा सके।

जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार ने मा0 विशेष रोल प्रेक्षक को आवश्स्त करते हुए कहा कि दिये गये निर्देशों को अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा एवं मा0 जन प्रतिनिधियों द्वारा की गयी शिकायतोंध्सुझावों को गम्भीरता से लेकर उस पर कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि मा0 निर्वाचन आयोग की गाइडलाईन के अनुसार एसआईआर की पूरी प्रक्रिया को सम्पन्न कराया जायेगा।बैठक में मण्डल के तीनों जनपदों के उप जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा एसआईआर के दौरान की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में विस्तार से बताया। इस अवसर पर मा0 विधायक आजमगढ़ दुर्गा प्रसाद यादव, विधायक मुबारकपुर अखिलेश यादव, विधायक अतरौलिया डॉ0

संग्राम यादव सहित समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, अपर जिलाधिकारी प्रशासनध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी आजमगढ़ राहुल विश्वकर्मा,

## गैस सिलेंडर की कालाबाजारी में तौहीद इण्डेन ग्रामीण वितरक बनकट, बिलरियागंज पर जिलाधिकारी के निर्देश पर एफआईआर दर्ज

आजमगढ़ (आर एन एस)वैश्विक परिस्थितियों के दृष्टिगत जनपद में घरेलू गैस सिलेंडरों की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा कालाबाजारी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में प्रशासनिक टीमों द्वारा गैस एजेंसियों, गोदामों तथा संभावित अवैध भंडारण स्थलों पर लगातार औचक निरीक्षण एवं छापेमारी कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में घरेलू सिलेण्डर की आपूर्ति की जांच एवं गोदामों के निरीक्षण के दृष्टिगत ब्लाक बिलरियागंज स्थित तौहीद इण्डेन ग्रामीण वितरक बनकट, बिलरियागंज आजमगढ़ की गोदाम का क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक बिलरियागंज द्वारा औचक निरीक्षण किया गया था, तत्समय जांच में कुल 642 गैस सिलेण्डर (घरेलु एवं व्यवसायिक) की कालाबाजारी के दृष्टिगत आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3ध्7 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होने के दष्टिगत जिलाधिकारी के अनुमोदन आदेश के अनुपालन में प्रो० तौहीद एवं शबाना बानो, मे० तौहीद इण्डेन ग्रामीण वितरक बनकट के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3ध्7 के अन्तर्गत थाना मुबारकपुर में एफआईआर दर्ज कराया गया है। इस सम्बंध में आई०ओ०सी०एल० गैस के सेल्स ऑफिसर प्रिंस प्रभात से मे० तौहीद इण्डेन ग्रामीण वितरक बनकट, बिलरियागंज आजमगढ़ से सम्बद्ध सभी प्रकार के गैस उपभोक्ताओं के सुविधा यथा गैस रिफलिंग, ई–के०वाई०सी०, मो०नं० अपडेशन आदि के सुचारू क्रियान्वयन के सम्बंध में अवगत कराया गया कि उक्त एजेन्सी से सम्बद्ध उपभोक्ताओं को गैस रिफिल की सुविधा नजदीकी एजेन्सी सफर ताज इण्डेन गैस एजेन्सी, ग्राम अल्लीपुर, विकास खण्ड अजमतगढ़, तहसील सगड़ी आजमगढ़ (तहसील सगड़ी के सामने) पर स्थानांतरण कर उपभोक्ताओं को प्राप्त करायी जा रही है। इस दौरान मे० तौहीद इण्डेन ग्रामीण वितरक, बनकट बिलरियागंज, सगड़ी से सम्बंधित 16 मार्च 2026 के उपरांत आयी ऑनलाईन बुकिंग लगभग 750 को मे० सफर ताज इण्डेन गैस एजेन्सी से सिलेण्डर डिलीवर कराया जा रहा है तथा निगम के गाईडलाईन्स के अनुसार ग्राहकों की अन्य सुविधाएं यथा ई–के०वाई०सी०, मो०नं० अपडेशन, डॉरमेंट ग्राहको का रिएक्टिवेशन आदि मे० तौहीद इण्डेन ग्रामीण वितरक, बनकट बिलरियागंज, सगड़ी के शो–रूम को चालू रख कराया जा रहा है। मे० तौहीद इण्डेन ग्रामीण वितरक, बनकट बिलरियागंज, सगड़ी के 13500 उपभोक्ताओं को कस्टमाईज बल्क मैसेज एवं ऑटोमेटेड फोन कॉल के माध्यम से रिफील

# आपीएल से पहले आरसीबी का भावुक फैसला, भगदड़ में जान गंवाने वाले 11 फैंस की याद में पहनेंगे खास जर्सी

रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाड़ी पिछले साल की जीत के जश्न में हुई भगदड़ में मारे गए 11 प्रशंसकों को श्रद्धांजलि देने के लिए आगामी आईपीएल में अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। टीम मैच के दिन काली पट्टी भी बांधेगी और स्टेडियम में मृतकों की याद में 11 स्थायी सीटें बनाने पर भी विचार कर रही है।रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाड़ी पिछले साल टीम की जीत के जश्न के दौरान भगदड़ में मारे गए 11 लोगों की याद में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में मैच से पहले अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। आरसीबी ने पिछले साल पहली बार आईपीएल ट्रॉफी जीती थी। इस जीत के जश्न के लिए चार जून को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में समारोह का आयोजन किया गया था। सुरक्षा की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण भगदड़ मच गई जिसमें 11 लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद आरसीबी को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था।आरसीबी के सीईओ राजेश मेनन ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा, ''मैच वाले दिन खिलाड़ी अभ्यास के दौरान 11 नंबर की जर्सी पहनेंगे। मैच के दौरान वे अपनी जर्सी नंबर में ही नजर आएंगे। अभ्यास के दौरान सभी खिलाड़ियों की पीठ पर जर्सी



नंबर 11 लिखा होगा।'' उन्होंने कहा, ''इसके अलावा उस दिन वे अपनी बांह पर काले रंग की पट्टी भी पहनेंगे। हम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 11 स्थायी सीटें बनाने पर भी विचार कर रहे हैं। ये उन 11 प्रशंसकों के लिए हैं जो हमेशा हमारे साथ रहेंगे।''मौजूदा चौंपियन टीम 28 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ यहां अपना पहला मैच खेलेगी, जो इस मैदान पर खेले जाने वाले उनके पांच घरेलू मैचों में से पहला मैच होगा।

# आईपीएल 2026 बीसीसीआई रखेगा अब खिलाड़ियों और स्टाफ नजर, जर्सी से लेकर नेट्स तक सख्त नियम, उल्लंघन पर खैर नहीं

आईपीएल का 19वां सीजन 28 मार्च से शुरू हो रहा है। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच 28 मार्च को बेंगलुरु स्थित एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। आईपीएल 2026 की शुरुआत से पहले बीसीसीआई ने सभी टीम मैनेजरों को अपडेटेड नियम पुस्तिका भेजी है ताकि पूरे सीजन में नियमों को सुचारू रूप से पालन सुनिश्चित किया जा सके।

बीसीसीआई ने आईपीएल 2026 से पहले सख्त नियम लागू किए हैं। जहां खिलाड़ियों और स्टाफ पर पैनी नजर रखी जाएगी। इनमें अभ्यास से लेकर मैच डे और जर्सी तक हर पहलू को कवर किया गया है। बीसीसीआई ने साफ कर दिया है कि लापरवाही बर्दाशत नहीं होगी। हर उल्लंघन पर सख्त कार्रवा की जाएगी जिसमें जुर्माना और चेतावनी शामिल हैं। नए सीजन से पहले जारी ये दिशा–निर्देश इस बात का संकेत हैं कि आईपीएल 2026 में अनुशासन ही सबसे बड़ा नियम होगा। आईपीएल का 19वां सीजन 28 मार्च से शुरू हो रहा है। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच 28 मार्च को बेंगलुरु स्थित एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। आईपीएल 2026 की शुरुआत से पहले बीसीसीआई ने सभी टीम मैनेजरों



को अपडेटेड नियम पुस्तिका भेजी है ताकि पूरे सीजन में नियमों को सुचारू रूप से पालन सुनिश्चित किया जा सके।खुले में प्रैक्टिस सेशन की मनाही है। सभी ट्रेनिंग सेशन तय नेट एरिया के अंदर ही होने चाहिए। टीमें किसी दूसरी टीम के लिए तय पिचों का इस्तेमाल नहीं कर सकतीं, भले ही उस टीम का सेशन जल्दी खत्म हो गया हो। मैच के दिनों में किसी भी हाल में प्रैक्टिस सेशन की मंजूरी नहीं होगी। मैच के दिनों में मैदान पर सिर्फ खिलाड़ीं और आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त स्टाफ को ही जाने की मंजूरी होगी। परिवार के सदस्यों और दोस्तों को तय हॉस्पिटैलिटी एरिया में ही रहना होगा। बीसीसीआई की मंजूरी के लिए फ्रेंचाइजी को नेट बॉलरों और थ्रोडाउन स्पेशलिस्टों की सूची जमा करनी होगी। खिलाड़ियों को अभ्यास सत्र के लिए टीम बस से ही जाना होगा। हालांकि, जरूरत पड़ने पर टीमें दो ग्रुप में बंट सकती हैं। अभ्यास से जुड़े किसी भी अनुरोध के लिए वेन्यू मैनेजर से तालमेल बैठाना होगा। मैच के दिन के लिए नियमसभी सपोर्ट स्टाफ को हर समय अपना पहचान पत्र अपने पास रखना होगा। पहली बार नियम तोड़ने पर चेतावनी दी जाएगी, जबकि बार–बार नियम तोड़ने पर जुर्माना लगेगा। हिटिंग नेट का इस्तेमाल करते समय खिलाड़ियों को सावधानी बरतनी होगी ताकि गेंदे एलईडी विज्ञापन बोर्डों से न टकराएं।एलईडी बोर्डों के सामने बैठना मना है। सब्स्टीट्यूड खिलाड़ियों के बैठने की जगह संबंधित फ्रेंचाइजी द्वारा तय की जाएगी। ऑरेंज कैप और पर्पल कैप पहनने वाले खिलाड़ियों को मैच के दौरान ये कैप पहनना अनिवार्य होगा। मैच के बाद होने वाले पुरस्कार वितरण समारोह के लिए खिलाड़ियों को ड्रेस कोड का पालना करना होगा। ढीली–ढाली टोपियां और बिना आस्तीन वाली जर्सी पहनने की मंजूरी नहीं है। मैच के दिनों में आईपीएल 2025 के नियमानुसार, टीम डॉक्टर समेत सपोर्ट स्टाफ के केवल 12 सदस्यों को ही तय जगहों के अंदर जाने की अनुमति होगी। जर्सी के लिए नियमअगर टीमें जर्सी नंबर बदलना चाहती हैं तो उन्हें लीग को कम से कम 24 घंटे पहले इसकी जानकारी देनी होगी। फ्रेंचाइजी को बीसीसीआई की पहले से मंजूरी लेकर ज्यादा से ज्यादा दो अभ्यास मैच खेलने की मंजूरी है और ये मुकाबले साइड विकेट पर ही खेले जाने चाहिए। अगर ये मुकाबले फ्लडलाइट्स में खेले जाते हैं तो इनकी अवधि । साढ़े तीन घंटे से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

# आईपीएल 2026 से पहले आरसीबी को झटका, पर्सनल कारणों से पूरे सीजन से बाहर हुए यश दयाल

आरसीबी के तेज गेंदबाज यश दयाल पर भारत के दो अलग अलग राज्यों में दो गंभीर दुर्व्यवहार के आरोप हैं। इनमें एक नाबालिग से जुड़ा मामला भी शामिल है। दयाल पर लगे आरोपों के संबंध में कानूनी कार्यवाही चल रही है। इस साल जनवरी में राजस्थान हाई कोर्ट ने उन्हें एक मामले में अग्रिम जमानत दी जबकि इससे पहले निचली अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी।आईपीएल 2026 से पहले आरसीबी को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, टीम के स्टार तेज गेंदबाज यश दयाल पर्सनल कारणों के चलते पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। हालांकि, उनका टीम के साथ कॉन्ट्रैक्ट बना रहेगा। आरसीबी के क्रिकेट डायरेक्टर मो बॉबट ने पुष्टि की है कि यश दयाल इस सीजन में आरसीबी टीम में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि वह निजी समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिसके कारण टीम का हिस्सा नहीं होंगे।बता दें कि, आरसीबी के तेज गेंदबाज यश दयाल पर भारत के दो अलग अलग राज्यों में दो गंभीर दुर्व्यवहार के आरोप हैं। इनमें एक नाबालिग से जुड़ा मामला भी शामिल है। दयाल पर लगे आरोपों के संबंध में कानूनी कार्यवाही चल रही है। इस साल जनवरी में राजस्थान हाई कोर्ट ने उन्हें एक मामले में अग्रिम जमानत दी जबकि इससे पहले निचली अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। मामला अभी भी कानूनी प्रक्रिया में है। आरसीबी के डायरेक्टर ने खुलकर नहीं बताया है कि यश दयाल क्यों टीम में नहीं हैं। लेकिन उन्होंने ये जरूर कहा है कि वे व्यक्तिगत समस्याओं से जूझ रहे हैं।

# विराट कोहली का जबरा फैन है ये पंजाब का मिस्ट्री स्पिनर, पूरी करना चाहता है अपनी ये खास ख्वाहिश

विशाद निषाद ने पंजाब किंग्स के यूट्यूब चौनल पर विराट कोहली को लेकर कहा कि, मैं उनसे कभी मिला नहीं हूं लेकिन इस सीजन में मैं उनका दो बार सामना करूंगा। अगर मैंने उनका विकेट लिया तब मैं उनके पैर छुऊंगा क्योंकि वह मेरे आदर्श हैं।पंजाब किंग्स के मिस्ट्री स्पिनर विशाल निषाद महान बल्लेबाज विराट कोहली के बहुत बड़े फैन हैं। हालांकि, विशाल कभी भी कोहली से नहीं मिले हैं लेकिन इस बार आईपीएल 2026 में कम से कम दो बार उनकी मुलाकात अपने आदर्श विराट कोहली से होगी। क्योंकि कम से कम दो बार पंजाब किंग्स और आरसीबी के बीच मुकाबले होंगे। निषाद की हसरत है कि वह अपने आदर्श को आउट करें। उत्तर प्रदेश के विशाल निषाद को पंजाब किंग्स ने 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर खरीदा है। पहले राउंड में वह अनसोल्ड रहे थे लेकिन तीसरे राउंड में आखिरकार पंजाब ने उनपर बोली लगाई। विराट



कोहली अपने करियर में कभी–कभी स्पिनरों के खिलाफ संघर्ष करते दिखे हैं। विशाल निषाद भी चाहते हैं कि वह कोहली का विकेट ले और उसके बाद वह कोहली के पैर छुए। विशाद निषाद ने पंजाब किंग्स के यूट्यूब चौनल पर विराट कोहली को लेकर कहा कि, मैं उनसे कभी मिला नहीं हूं लेकिन इस सीजन में मैं उनका दो बार सामना करूंगा। अगर मैंने उनका विकेट लिया तब मैं उनके पैर छुऊंगा क्योंकि वह मेरे आदर्श हैं। इस 18 वर्षीय गेंदबाज ने आगे कहा कि, मैदान के बाहर तो मैं उनसे बात करूंगा और उनसे सीखने की कोशिश करूंगा। मैदान में तो वही एटिट्यूड रहेगा। मैं उन्हें आउट करने की कोशिश करूंगा।

# ईरान युद्ध के कारण वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत  आरबीआई बुलेटिन

नई दिल्ली । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मासिक बुलेटिन में कहा गया कि मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध और वैश्विक बाजारों में बढ़ती अस्थिरता के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। 2025–26 के लिए जीडीपी के दूसरे अग्रिम अनुमान भी इस मजबूती को दर्शाते हैं।आरबीआई बुलेटिन के मुताबिक, फरवरी में देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी देखने को मिली। महंगाई (सीपीआई) में बढ़ोतरी खाद्य और पेय पदार्थों की वजह से हुई। सिस्टम में नकदी (लिक्विडिटी) पर्याप्त बनी रही और व्यापारिक क्षेत्र को मिलने वाली वित्तीय सहायता में भी बढ़ोतरी हुई। साथ ही भारत के विदेशी मुद्रा भंडार भी इतने मजबूत हैं कि बाहरी झटकों से बचाव कर सकें।रिपोर्ट में कहा गया कि मध्य पूर्व में युद्ध और अमेरिका द्वारा व्यापार जांच शुरू किए जाने से वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा, आयात शुल्क और सप्लाई चेन को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है। अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है। घरेलू स्तर पर, भारत की कच्चे तेल पर निर्भरता को देखते हुए स्थिति पर नजर रखना जरूरी है। हालांकि, आरबीआई ने कहा कि समय के साथ भारत की



अर्थव्यवस्था बाहरी झटकों को झेलने में ज्यादा सक्षम हुई है, जिसकी वजह मजबूत ग्रोथ, बेहतर आर्थिक आधार और मजबूत विदेशी सेक्टर है।ऊर्जा सुरक्षा के मामले में भारत ने अपने तेल आयात के स्रोतों में विविधता लाई है और रिफाइनिंग क्षमता भी बढ़ाई है। युद्ध शुरू होने के बाद सरकार ने कई कदम उठाए हैं ताकि वैश्विक सप्लाई में आई बाधाओं का असर कम किया जा सके और घरेलू संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल हो सके।आरबीआई ने यह भी सुझाव दिया कि श्इकोनॉमिक स्टेबलाइजेशन फंडश बनाने से सरकार को ऐसे वैश्विक संकटों से निपटने के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहारा मिल सकता है।जीडीपी के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025–26 में आर्थिक वृद्धि मजबूत बनी हुई है, जिसमें घरेलू मांग का बड़ा योगदान है। निजी खपत और निवेश दोनों मजबूत रहे हैं। तीसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी। फरवरी में शहरी और ग्रामीण दोनों बाजारों में मांग मजबूत रही। कम टैक्स, खरीफ फसल से आय और शादी के सीजन ने इसमें मदद की। इस दौरान टू–व्हीलर, पैसेंजर वाहन और ट्रैक्टर की बिक्री फरवरी में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वहीं कृषि क्षेत्र भी मजबूत रहा और वित्त वर्ष 2026 में खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर रहने का अनुमान है।वैश्विक स्तर पर, मध्य पूर्व के तनाव के कारण तेल और गैस की सप्लाई बाधित हुई, जिससे कमोडिटी और वित्तीय बाजारों में उतार–चढ़ाव बढ़ गया। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने इसे वैश्विक तेल बाजार के इतिहास की सबसे बड़ी सप्लाई बाधा बताया है।ब्रेंट क्रूड की कीमतों में भी भारी उतार–चढ़ाव देखा गया, जो 78 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 112.2 डॉलर तक पहुंच गई। इसके अलावा एल्यूमिनियम और यूरिया जैसे औद्योगिक उत्पाद भी प्रभावित हुए।

आरबीआई बुलेटिन में कहा गया कि ऊर्जा संकट का असर वित्तीय बाजारों पर भी पड़ा। मार्च में शेयर बाजारों में गिरावट आई, खासकर उन देशों में जो ऊर्जा आयात पर निर्भर हैं। बॉन्ड मार्केट में भी बदलाव देखने को मिला और अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ। ऐसे माहौल में दुनिया के बड़े केंद्रीय बैंकों ने फरवरी–मार्च के दौरान ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया और सतर्क रुख अपनाया।

# ट्रंप के बयान से भारतीय शेयर बाजार झूमा, सेंसेक्स 1500 अंक चढ़ाय निफ्टी में भी 350 अंकों की तेजी

मुंबई । मध्य पूर्व में तनाव कम होने से भारतीय शेयर बाजार की मंगलवार को शुरुआत तेजी के साथ हुई। सेंसेक्स 1,516.08 अंक या 2.09 प्रतिशत की तेजी के साथ 74,212.47 और निफ्टी 365.80 अंक या 1.62 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,878.45 पर खुला। बाजार में चौतरफा तेजी देखी जा रही है। शुरुआती कारोबार में करीब सभी सूचकांक हरे निशान में बने हुए थे, जिसमें निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी इंडिया डिफेंस, निफ्टी ऑटो, निफ्टी मेटल और निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स टॉप गेनर्स थे।

लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी तेजी के साथ कारोबार हो रहा था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 772 अंक या 1.47 प्रतिशत की तेजी के साथ 53,490 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 219 अंक या 1.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 15,318 पर था। चॉइस ब्रोकिंग में टेक्निकल रिसर्च एनालिस्ट आकाश शाह ने कहा कि निफ्टी अपने छोटे अवधि के सपोर्ट जोन से नीचे कारोबार कर रहा है और इसका रुझान कमजोर बना हुआ है। इसका रुकावट का स्तर 22,650–22,700 के आसपास है। दूसरी ओर, सपोर्ट 22,300–22,400 के आसपास देखा जा रहा है और इसके नीचे कमजोरी से निकट भविष्य में गिरावट और बढ़ सकती है।सेंसेक्स पैक में एशियन पेंट्स, इंडिगो, इटरनल, ट्रेंट, टाइटन, बीईएल, अल्ट्राटेक सीमेंट, एलएंडटी, अदाणी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा, एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, मारुति सुजुकी, एसबीआई और एचयूएल गेनर्स थे। केवल पावर ग्रिड ही लाल निशान में कारोबार कर रहा था। एशियाई बाजारों में तेजी देखी जा रही है। टोक्यो, शंघाई, हांगकांग, बैंकॉक और सोल के हरे निशान में खुले थे। अमेरिकी बाजार भी सोमवार को तेजी के साथ बंद हुए थे, जिसमें मुख्य सूचकांक डाओ और टेक्नोलॉजी सूचकांक नैस्डैक में 1.38–1.38 प्रतिशत की तेजी थी।बाजार में तेजी की वजह अमेरिकी की ओर से ईरान के पावर प्लांट्स पर हमले को पांच दिनों के लिए टालने को माना जा रहा है, जिससे वैश्विक बाजारों के साथ–साथ भारतीय बाजारों में भी तेजी देखने को मिली है।

# इंश्योरेंस क्लेम रिजेक्ट या मिला खराब सामान? कंज्यूमर कोर्ट में शिकायत का ये है सही तरीकाय भूलकर भी न करें ये गलतियां

नई दिल्ली  अगर आपका इंश्योरेंस क्लेम रिजेक्ट हो गया है, ऑनलाइन शॉपिंग में कोई खराब प्रोडक्ट मिल गया है या किसी सर्विस से आपको नुकसान हुआ है, तो इसका सीधा समाध ाान कंज्यूमर कमीशन है। कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट 2019 के तहत आप बेझिझक यहां कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं। जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बने ये आयोग रिफंड, प्रोडक्ट बदलने और मुआवजे का आदेश दे सकते हैं। हालांकि, इन आयोगों में आज भी लाखों शिकायतें पेंडिंग हैं, इसलिए अपना केस मजबूत बनाने और जल्द न्याय पाने के लिए शिकायत दर्ज करने का सही प्रोसेस और जरूरी डॉक्यूमेंट्स के बारे में सही जानकारी होना बेहद जरूरी है।

कागजों पर आदर्श सिस्टम, लेकिन लाखों केस पेंडिंग

श्जागो ग्राहक जागोश्च कैंपेन के जरिए मशहूर हुआ भारत का तीन–स्तरीय कंज्यूमर विवाद निवारण सिस्टम पारंपरिक अदालतों का एक तेज और किफायती विकल्प माना जाता है। यहां कंज्यूमर बिना वकील के बहुत कम फीस में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। लेकिन हकीकत के आंकड़े कुछ और ही कहानी कहते हैं। उपभोक्ता




आयोगों में वर्तमान में 5.8 लाख से ज्यादा मामले पेंडिंग हैं। उपभोक्ता न्याय रिपोर्ट 2026 के अनुसार, राज्य आयोगों में 35 प्रतिशत मामले तीन साल से ज्यादा समय से लंबित हैं। इसका सबसे बड़ा कारण आयोगों में खाली पड़े पद हैं। लगभग आधे राज्य आयोग और एक–तिहाई जिला आयोग बिना अध्यक्ष के ही काम कर रहे हैं, जिससे न्याय मिलने की रफ्तार धीमी हो गई है।अधि ाकार क्षेत्र  और शिकायत का सही नियम स्टाफ की कमी के बावजूद उपभोक्ता आयोग आम नागरिकों के लिए सबसे सुलभ कानूनी उपाय है, बशर्ते इसका सही इस्तेमाल किया जाए। कानूनी विशेषज्ञों के मुताबिक, इसके लिए वकील की कोई जरूरत नहीं है और शिकायत सादे कागज पर लिखकर भी जमा की जा सकती है। हालांकि, न्याय की इस सरलता के कारण कई बार लोग गलती कर बैठते हैं। अधिकार क्षेत्र को लेकर कानून स्पष्ट है कि आपको उसी आयोग में जाना चाहिए जहां आप रहते हैं, न कि वहां जो आपके लिए सुविध ााजनक हो। इसके अलावा, उत्पाद या सेवा की कीमत ही तय करती है कि केस कहां चलेगा। 50 लाख रुपये से कम के मामले जिला आयोग, 50 लाख से 2 करोड़ रुपये तक के मामले राज्य आयोग और 2 करोड़ से ज्यादा के मामले राष्ट्रीय आयोग में सुने जाते हैं। यह मूल्यांकन सिर्फ उत्पाद की कीमत पर होता है, मांगे गए मुआवजे पर नहीं।डॉक्यूमेंट्स की कमी और ये गलतियां कर देंगी आपका दावा कमजोरकंज्यूमर कोर्ट में कोई भी शिकायत केवल उतनी ही मजबूत होती है, जितने पक्के उसके साथ लगे दस्तावेज होते हैं। रसीदें, ईमेल और शिकायत के रिकॉर्ड संभालकर रखना बहुत जरूरी है। उपभोक्ता मामलों के वकील बताते हैं कि लोग अक्सर आरोप तो दोहराते हैं, लेकिन कानूनी प्रक्रिया नहीं समझते। खासकर बीमा विवादों में, पहले से मौजूद बीमारियों की जानकारी छिपाने से दावा तुरंत खारिज हो सकता है क्योंकि बीमा अनुबंध पूरी तरह से विश्वास  पर आधारित होते हैं। इसके अलावा उपभोक्ता अक्सर गलत पक्षों पर मुकदमा कर देते हैं, हलफनामे नोटरी से प्रमाणित करवाना भूल जाते हैं या मुआवजे की मांग अस्पष्ट रखते हैं। अदालतें आपकी तय मांग से आगे जाकर मुआवजा नहीं दे सकतीं।

# 7000 हजार रुपए से ज्यादा सस्ता हुआ सोना, चांदी की कीमतों में भी गिरावटय जानें क्या हैं नए दाम

मुंबई  मिडिल–ईस्ट में जारी तनाव के बीच सोने और चांदी की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई है। आमतौर पर सुरक्षित निवेश माने जाने वाला सोना इस बार दबाव में नजर आ रहा है और सालभर की अपनी बढ़त लगभग गंवाने की स्थिति में पहुंच गया है।

की रिपोर्ट के मुताबिक, हालिया कारोबार में सोने की कीमत करीब 3.8त्न गिरकर 4,320 डॉलर प्रति औंस तक आ गई, जो पिछले साल के स्तर के करीब है। लगातार आठ सत्रों से जारी गिरावट ने बाजार को चौंका दिया है और इसे 1983 के बाद की सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावटों में गिना जा रहा है। घरेलू बाजार में भी इसका असर साफ दिखा। रूष्टङ्ग पर चांदी की कीमत करीब 6त्न यानी 13,606 रुपये गिरकर 2,13,166 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। वहीं सोना लगभग 5त्न या 7,115 रुपये टूटकर 1,37,377 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में  में स्पॉट गोल्ड 3.3त्न गिरकर 4,343 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि चांदी भी 3.4त्न टूटकर 65.61 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। प्लैटिनम और पैलेडियम में भी गिरावट दर्ज की गई, जिससे साफ है कि पूरे कीमती धातु बाजार पर दबाव बना हुआ है।विशेषज्ञों के अनुसार, इस गिरावट की सबसे बड़ी वजह बढ़ती महंगाई और ब्याज दरों को लेकर बदलती उम्मीदें



हैं। समेत कई केंद्रीय बैंकों ने संकेत दिए हैं कि फिलहाल ब्याज दरों में जल्द कटौती की संभावना कम है। ऊंची ब्याज दरें सोने के लिए नकारात्मक मानी जाती हैं, क्योंकि सोना कोई ब्याज नहीं देता।इसके अलावा, मध्य–पूर्व में जारी तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है, जिससे महंगाई का दबाव और बढ़ा है। इसी के चलते बाजार में ष्फोर्स्ड सेलिंगष यानी मजबूरी में बिकवाली भी देखने को मिल रही है। जब अन्य एसेट क्लास में नुकसान होता है, तो निवेशक घाटे की भरपाई के लिए सोना बेचते हैं, जिससे कीमतों पर और दबाव पड़ता है। बीच बढ़ते तनाव ने वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ा दी है। इस भू–राजनीतिक तनाव का असर अब कीमती धातुओं की कीमतों पर भी साफ नजर आ रहा है।

# बाक्स आफिस पर धुरंधर 2 का कब्जा, सबसे तेज वर्ल्डवाइड 500 करोड़ कमाने वाली टाप 3 भारतीय फिल्मों की लिस्ट में हुई शामिल

धुरंधर 2 (धुरंधर द रिवेंज) ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी है. शानदार शुरुआत के बाद आदित्य धर की निर्देशित और रणवीर सिंह स्टारर यह फिल्म हॉलीडे का पूरा फायदा उठा रही है. फिल्म बॉक्स पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रही है. इसने 3 दिनों में ही दुनियाभर में 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है और नए रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं.देश भर के सिनेमाघरों से हाउसफुल शो की खबरें लगातार आ रही हैं. तीसरे दिन ईद के मौके पर धुरंधर–2 ने अपने ही ओपनिंड डे के कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया. सैकनिल्क के अनुसार, धुरंधररू द रिवेंज ने पेड प्रीव्यू से 43 करोड़ रुपये कमाए.वहीं ओपनिंग डे पर 102. 55 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. हालांकि, दूसरे फिल्म के कलेक्शन में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई. पहले शुक्रवार को रणवीर सिंह की फिल्म 80.72 करोड़ रुपये का बिजनेस किया.तीसरे दिन ईद की छुट्टी होने की वजह से आदित्य धर की फिल्म का काफी फायदा मिला है. इस फिल्म ने पहले शनिवार को ओपनिंग डे से भी ज्यादा कमाई. सैकनिल्क के मुताबिक, धुरंधर–2 ने रिलीज के तीसरे दिन, 113 करोड़ रुपये का कलेक्शन



किया था. इसी के साथ यह 300 करोड़ का आंकड़ा आसानी से पार कर गई. तीन दिनों के बाद धुरंधर–2 का भारतीय बॉक्स ऑफिस पर टोटल नेट कलेक्शन 339.27 करोड़ रुपये हो गया है.धुरंधर 2, पुष्पा 2रू द रूल के ओपनिंग वीकेंड के रिकॉर्ड को तोड़कर भारत में अब तक की सबसे बड़ी वीकेंड ओपनर फिल्म बनने की राह पर है. अल्लू अर्जुन की इस फिल्म ने सभी भाषाओं को मिलाकर भारत में 354 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया था. घरेलू बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन के अलावा, फिल्म ने विश्व स्तर पर 501.04 करोड़ रुपये की कमाई की है. इसी के साथ दुनियाभर में सबसे तेज 500 करोड़ रुपये का कलेक्शन करने वाली भारतीय फिल्म की लिस्ट में शामिल हो गई है. सैकनिल्क के मुताबिक, ध्ुरंधर के सीक्वल ने केजीएफ–2, जवान जैसी फिल्मों को पीछे छोड़ते हुए इस लिस्ट के टॉप 3 में शामिल हो गई है. केजीएफ–2 ने 4 दिनों में 546 करोड़ रुपये कमाए थे, जबकि जवान 4 दिनों में 521 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था. बाहुबली–2, आरआरआर के बाद धुरंधर 2 तीन दिनों में 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा छूने वाली फिल्म बन गई है. इतना ही नहीं, यह 2026 की 500 करोड़ कमाने वाली पहली फिल्म बन गई है. धुरंधर 2 द रिवेंज में रणवीर सिंह के नेतृत्व में कलाकारों की एक बड़ी टोली है, जिसमें आर. माधवन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी, दानिश पंडोर और सारा अर्जुन भी अहम भूमिकाएं निभा रहे हैं.

# वाराणसी फिल्म से श्रीराम के किरदार में महेश बाबू का लुक हुआ लीक? थिएटर होर्डिंग में धनुष पकड़े दिखे एक्टर



साउथ सुपरस्टार महेश बाबू निर्देशक एस एस राजामौली की अपकमिंग मेगा फिल्म वाराणसी में भगवान श्रीराम का किरदार निभाते नजर आएंगे। इस बात का खुलासा खुद राजामौली ने फिल्म के टाइटल लॉन्च और इंटरव्यू के दौरान किया था, लेकिन तब महेश बाबू का लुक पोस्टर जारी नहीं किया गया था। अब लगता है फैंस का इंतजार खत्म हो गया है।आंध्र प्रदेश के गुंटूर में मिथ्री सिनेमा के डिजिटल होर्डिंग पर फिल्म का एक पोस्टर लगाया गया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस पोस्टर में महेश बाबू भगवान श्रीराम के रूप में धनुष थामे समुद्र की ओर देखते दिखाई दे रहे हैं। पोस्टर पर लिखा है – श्रीराम के रूप में महेश बाबू।य हालांकि मेकर्स ने अभी तक इस पोस्टर को आधिकारिक तौर पर रिलीज नहीं किया है, लेकिन यह थिएटर्स में दिखाया जा रहा है। फिल्म लॉन्च के दौरान राजामौली ने बताया था कि उन्होंने फिल्म के लिए रामायण का एक खास पार्ट 60 दिनों तक शूट किया है। उन्होंने कहा, पहले दिन जब महेश श्रीराम के गेटअप में फोटोशूट के लिए आए, तो मेरे रोंगटे खड़े हो गए। महेश में कृष्ण का आकर्षण है, लेकिन राम की शांति भी है। मैंने उस फोटो को अपना वॉलपेपर भी बना लिया था, फिर हटा दिया। वहीं, महेश बाबू ने स्क्रीन रेंट प्लस से बातचीत में बताया था कि श्रीराम का किरदार निभाने के लिए उन्हें काफी सख्त तैयारी करनी पड़ी। राजामौली ने हर छोटी–छोटी चीज में परफेक्शन मांगा। सही चाल–ढाल और बॉडी लैंग्वेज के लिए उन्होंने कड़ी ट्रेनिंग ली। इतना ही नहीं, उन्होंने 3 महीने तक केरल की प्राचीन मार्शल आर्ट श्कलारीय भी सीखी। वाराणसीय एक ग्लोब–ट्रॉटिंग एडवेंचर फिल्म बताई जा रही है, जिसकी कहानी अलग–अलग समय और देशों में फैली होगी। फिल्म में महेश बाबू के साथ प्रियंका चोपड़ा और पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह मच अवेटेड फिल्म 7 अप्रैल 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# पौराणिक एक्शन फिल्म नागबंधम केजीएफ फेम गरुड़ राम फर्स्ट लुक रिलीज, तांत्रिक योद्धा भैरगी के अवतार में आएंगे नजर

अभिषेक नामा की आने वाली पौराणिक एक्शन फिल्म नागबंधम, जिसमें विराट कर्ण हैं, पूरे भारत में खूब चर्चा में है। फिल्म की ग्रैंड पैन–इंडिया रिलीज बस आने ही वाली है, और टीम इसे प्रमोट करने के लिए पूरी कोशिश कर रही है। लीड एक्टर्स के फर्स्ट–लुक पोस्टर ने पहले ही तहलका मचा दिया है। मेकर्स ने अभी–अभी गरुड़ राम, उर्फ भैरागी का फर्स्ट लुक रिलीज किया है, और यह एक शोस्टॉपर है। उनका राख से सना शरीर, बंधे हुए ड्रेडलॉक, और केसरिया लाल फेस पेंट उन्हें एक भयंकर, रहस्यमयी औरा देते हैं। तीखी आँखों और रुद्राक्ष और हड्डियों की मालाओं की परतों के साथ, वह एक शक्तिशाली तांत्रिक योद्धा के रूप में दिखाई देते हैं। पोस्टर को ध्ुंधले, घने जंगल में सेट किया गया है जो साँपों और बिखरी हुई खोपड़ियों से भरा है, जो डरावनी, सुपरनैचुरल वाइब को और बढ़ा देता है।नागबंधम में नाभा नटेश और ईश्वर्या मेनन फीमेल लीड रोल में हैं, साथ ही जगपति बाबू, मुरली शर्मा, जयप्रकाश और बीएस अविनाश भी अहम रोल में हैं। सिनेमैटोग्राफर सौंदर राजन एस ने शानदार विजुअल्स का वादा किया है, जबकि एडिटर आरसी प्रणव ने शार्प कट्स के साथ फिल्म को शेप दिया है। प्रोडक्शन डिजाइनर अशोक कुमार ने कहानी को सपोर्ट करने के लिए एक बड़ी पौराणिक दुनिया बनाई है। फिल्म को किशोर अन्नापुरेड्डी और निशिता नागिरेड्डी ने प्रोड्यूस किया है, और अभिषेक नामा डायरेक्टर हैं। फिल्म की कहानी पवित्र नागबंधम परंपरा के इर्द–गिर्द घूमती है, जो पूरे भारत में ऐतिहासिक विष्णु मंदिरों के बैकग्राउंड में सेट है। पौराणिक कथाओं, एक्शन और एडवेंचर के अपने अनोखे मेल के साथ, नागबंधम गर्मियों के सबसे ज़्यादा देखे जाने वाले प्रोजेक्ट्स में से एक बनने जा रहा है। कल आने वाला टीजर, फैंस को फिल्म के एपिक स्केल और विजुअल ग्रैंडियर की एक झलक देगा।



# तमिल डेब्यू रूट को लेकर उत्साहित अपारशक्ति खुराना, बताया बेहद खास प्रोजेक्ट

एक्टर अपारशक्ति खुराना तमिल फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने को तैयार हैं। फिल्म रूट में वह खास अंदाज में दिखेंगे, जिसमें उनके साथ गौतम राम कार्तिक लीड रोल में हैं। अपारशक्ति ने फिल्म के बारे में बात करते हुए बताया कि यह प्रोजेक्ट उनके करियर के लिए बेहद खास है। अभिनेता ने बताया कि उन्होंने डायरेक्टर सूर्यप्रताप की एक वेब सीरीज के देखी थी, जिससे वह प्रभावित हुए।

इसलिए उनके साथ काम करने का फैसला किया। अपारशक्ति ने बताया कि रूट उनके अब तक के सभी प्रोजेक्ट से बहुत अलग है। इस फिल्म पर काम करने का अनुभव शानदार रहा। तमिल भाषा में एक्टिंग करने की चुनौती पर अपारशक्ति ने खुलकर बात की। उन्होंने कहा, ऐसी भाषा में एक्टिंग करना मुश्किल है जिसमें आप सोच नहीं रहे होते।

पहले इंग्लिश में सोचना पड़ता था, फिर उसे तमिल में ट्रांसलेट करना पड़ता था और उसके बाद परफॉर्मेंस देनी पड़ती थी। इससे नेचुरल बिहेवियर और अभिनय में बदलाव आ जाता था। फ्लोर पर आने से पहले उन्होंने कई वर्कशॉप्स कीं, जिनमें तमिल भाषा को गहराई से समझने और उसमें सहज होने में मदद मिली। आज के समय में ऑडियंस भाषा की परवाह किए बिना अच्छी कहानी और सिनेमा को अपनाने लगी है।

अपारशक्ति इस बदलाव से बहुत खुश हैं। उन्होंने बताया, हम सब एक ही देश में रहते हैं। जब ऑडियंस हर भाषा के सिनेमा को पसंद करने लगी है, तो एक्टर, राइटर और डायरेक्टर को दूसरी भाषाओं में काम क्यों नहीं करना चाहिए? यह सबके लिए रोमांचक है। मैं अलग–अलग भाषाओं में काम करने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं।

अपारशक्ति ने बताया कि श्रूटच से पहले भी उन्हें कुछ तमिल स्क्रिप्ट्स मिली थीं, लेकिन बात आगे नहीं बढ़ी। इस बार वह एक शानदार कास्ट और क्रू के साथ काम कर पाए। उनके पास एक और तमिल प्रोजेक्ट है। अपकमिंग प्रोजेक्ट्स के बारे में उन्होंने बताया, मैं अभी अपनी पहली एक्शन फिल्म, गनमास्टर जी9 की शूटिंग कर रहा हूं।इस साल मेरी एक और फिल्म रिलीज होगी, जिसका नाम बदतमीज गिल है, जो एक बिगड़े हुए पंजाबी परिवार की



कहानी है जिसमें वाणी कपूर और मैं भाई–बहन के रोल में हैं और परेश रावल और शीबा चड्ढा हमारे माता–पिता का रोल करेंगे। फिल्म रूट रनिंग आउट ऑफ टाइम को सूर्यप्रताप एस ने लिखा और डायरेक्ट किया है।

इसे वेरस प्रोडक्शंस के बैनर तले शेख मुजीब, राजाराजन ज्ञानसंबंदम, संजय शंकर और धनिष्ठा फर्नांडो ने प्रोड्यूस किया है। अपारशक्ति और गौतम राम कार्तिक के अलावा फिल्म में नारायण, भव्य त्रिखा, वाई जी महेंद्र, पावनी रेड्डी, लिंगा और आरजे आनंदी अहम भूमिकाओं में हैं।

# साउथ में छा गए पवन कल्याण, उस्ताद भगत सिंह ने तीन दिन में धुरंधर 2 को पछाड़ा, किया 52.90 करोड़ बाक्स आफिस कलेक्शन

पवन कल्याण की उस्ताद भगत सिंह को मिक्स रिव्यूज मिले. फिल्म तेलुगू में रिलीज हुई है और अच्छा परफॉर्म कर रही है. फिल्म ने पहले दिन 34.75 करोड़ का कलेक्शन किया था. आइए जानते हैं अब तीसरे दिन फिल्म ने कितना कमाया है.सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने तीसरे दिन 9.15 करोड़ की कमाई की है. फिल्म को 36 परसेंट ऑक्यूपेंसी मिली. 3340 शोज पर फिल्म चल रही है. फिल्म के तीसरे दिन के कलेक्शन के आंकड़े अभी ऑफिशियल नहीं आए हैं पर अगर फिल्म ने तीसरे दिन 9.15 करोड़ कमाए हैं तो अभी तक टोटल कलेक्शन 52.90 करोड़ हो गया है. फिल्म ने 3 दिन में 50 करोड़ क्लब में एंट्री कर ली है.फिल्म को तीसरे दिन ओवरऑल 36.46 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. मॉर्निंग में फिल्म को 21 परसेंट, दोपहर में 39.92 परसेंट, शाम में 43.36 परसेंट, रात में 41.46 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली.वहीं बता दें कि धुरंधर 2 ने तीसरे दिन तेलुगू भाषा में 5 करोड़ की कमाई की है. उस्ताद भगत सिंह तेलुगू में धुरंधर 2 से आगे निकल रही है.बता दें कि उस्ताद भगत सिंह ने पहले दिन 34.75 करोड़ कमाए. फिल्म को 69 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म के 4607 शोज थे. वहीं दूसरे दिन फिल्म की कमाई घटी और फिल्म ने 9 करोड़ कमाए. फिल्म के 3447 शोज थे और फिल्म के 36 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली.बता दें कि फिल्म 19 मार्च 2026 को रिलीज हुई. ये एक एक्शन ड्रामा है. फिल्म का रन टाइम 2 घंटे 34 मिनट है. फिल्म में पवन कल्याण के अलावा नवाब शाह, आर प्रतिभन, श्रीलीला, राशी खन्ना जैसे स्टार्स हैं. तेलुगू इंडस्ट्री में पवन कल्याण सुपरस्टार हैं और फैंस उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते हैं. उनकी फिल्म दे कॉल हिम ओजी को बहुत पसंद किया गया था. ये फिल्म 25 सितंबर 2025 में रिलीज हुई थी. फिल्म में पवन कल्याण के अलावा इमरान हाशमी जैसे स्टार्स थे. फिल्म ने पहले दिन 155 करोड़ का वर्ल्डवाइड कलेक्शन किया था.



# पेद्दी के डांस नंबर में नजर आएंगी मृणाल ठाकुर, राम चरण और जान्हवी कपूर के साथ होगा कैमियो

फिल्म पेड्डी में मृणाल ठाकुर का कैमियो? राम चरण और जाह्नवी कपूर के साथ करेंगी डांस नंबर राम चरण स्टारर फिल्म पेड्डी 30 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, जिसको लेकर दर्शक काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं. इस स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा को बुची बाबू सना डायरेक्ट कर रहे हैं. फिल्म ने जाह्नवी कपूर भी लीड रोल में नजर आएंगी. वहीं अब फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आ रही है.रिपोर्ट्स के मुताबिक, मृणाल ठाकुर इस फिल्म में कैमियो करती नजर आ सकती हैं. कहा जा रहा है कि वह एक डांस नंबर में राम चरण और जाह्नवी कपूर के साथ दिखाई देंगी. हालांकि, मेकर्स की तरफ से अभी तक इसको लेकर कोई ऑफिशियल अनाउसमेंट नहीं की गई है.पेड्डी का एक्शन टीजर जल्द ही रिलीज होने वाला है. खबरों के मुताबिक, यह टीजर 27 मार्च 2026 को राम चरण के जन्मदिन के मौके पर सामने आ सकता है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है. यह फिल्म गांव की पृष्ठभूमि पर आधारित एक क्रिकेट टूर्नामेंट की कहानी दिखाएगी.बुची बाबू सना के ने निर्देशन में बनी इस फिल्म को वेंकट सतीश किलारू और ईशान सक्सेना ने प्रोड्यूस किया है. फिल्म का म्यूजिक एआर रहमान ने तैयार किया है. हाल ही में इसका गाना राय राय रा रा रिलीज हुआ, जिसमें राम चरण का डांस फैंस को काफी पसंद आ रहा है.वर्क फ्रंट की बात करें तो राम चरण आखिरी बार फिल्म गेम चेंजर में नजर आए थे, जिसमें उन्होंने एक ईमानदार आईएएस अधिकारी का किरदार निभाया था. वहीं, आने वाले समय में राम चरण एक और फिल्म में नजर आ सकते हैं, जिसका टेंटेटिव नाम आरसी 17 बताया जा रहा है. इस फिल्म का निर्देशन सुकुमार करेंगे. वहीं मृणाल ठाकुर जल्द ही अदिवी शेष के साथ फिल्म डकैत में नजर आएंगी. शेनिल देव के निर्देशन में बनी यह रोमांटिक एक्शन फिल्म 10 अप्रैल 2026 को रिलीज होने वाली है.



हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।